हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 19 अक्टूबर 2024




# एनजीटी का फरमानः दीपावली में रात 8 से दस के बीच ही फोड़ सकेंगे फटाके

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दीवाली सहित अन्य त्यौहारों में फटाके फोड़े जाने को लेकर राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण यानि एनजीटी द्वारा समय-सीमा का निर्धारण कर दिया गया है। इन प्रमुख त्यौहारों पर लोगों को अधिकतम दो घंटे की ही छूट फटाके फोड़ने के लिए मिलने वाली है।

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा फटाकों के उपयोग के संबंध में समय-सीमा निर्धारित किया गया है। जिसके अनुसार इस बार दीपावली की रात 8 से 10 बजे के मध्य ही फटाके फोड़ पाएंगे। इसी तरह छठ पूजा के लिए सुबह 6 से 8 बजे तक, गुरू पर्व पर रात्रि 8 से 10 बजे तक, नया वर्ष व क्रिसमस पर रात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक ही फटाके फोड़े जाने का समय निर्धारित किया गया है। आदेश का पालन कराने के लिए कड़ी निगरानी की जाएगी। कम उत्सर्जन करने वाले इम्प्रुव्ड एवं हरित फटाकों का निर्माण एवं विक्रय किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य फटाकों के उत्पादन एवं विक्रय पर रोक लगाई जाएगी।

इधर दिवाली को लेकर फटाखा बाजार की भी तैयारी शुरु हो गई है। निगम ने दुकान लगाने के लिए इच्छुक व्यापारियो से आवेदन मंगाए है। वहीं आवेदन शुल्क में भी कमी कर दी गई है। हालांकि अब तक यह साफ नहीं हो पाया है कि कहां पर फटाखा बाजार लगाया जाएगा। इस बीच प्रशासन के तरफ से फटाखा फोड़ने को लेकर तय किए गए नियम अनुसार दो घंटे की मोहलत ही प्रमुख त्योहारो में मिलने वाली है। दिवाली सहित छठ भी इसमें शामिल है।

## राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा फटाकों के उपयोग के संबंध में समय-सीमा निर्धारित

### ऑनलाइन नहीं बिकेंगे फटाके

एनजीटी के अनुसार केवल उन्हीं फटाकों का विक्रय किया जाना है। जिसका ध्वनि का स्तर निर्धारित सीमा 125 डेसिबल के भीतर हो। ऑनलाइन अर्थात ई-व्यापारी वेबसाईटों जैसे फिलपकार्ट, अमेजॉन आदि से फटाकों की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है।

### जांच रहे हवा की गुणवत्ता

बताया गया कि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई द्वारा दीपावली के अवसर पर शहर में परिवेशीय वायु गुणवत्ता का मापन का कार्य किया जा रहा है, जिसे पूर्ण करने के उपरांत मंडल मुख्यालय के माध्यम से केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नई दिल्ली को प्रेषित किया जाएगा।



### जागरूक करने चलेगा अभियान

फटाकों का बहुतायत में उपयोग होने से वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। वायु प्रदूषण बढ़ने के कारण बीमारियों के घातक रूप की संभावना होती है। उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों के संबंध में नागरिकों को व्यापक स्तर पर जागरूक करने कहा गया है।

## स्वनिर्धारण में संपत्ति की दी थी गलत जानकारी

# शहर के 584 मकान मालिकों को 36 लाख रुपए का नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संपत्ति कर वसूली के मामले में निर्माण क्षेत्र को लेकर गलत जानकारी देते टैक्स पटाने वालों को नगर निगम द्वारा उनके निर्माण का अतिरिक्त कर पटाने नोटिस जारी किया गया है। इसके लिए नगर निगम में गूगल अर्थ एप का उपयोग किया है और डिजिटल तरीके से एरिया के माप के आधार पर अतिरिक्त टैक्स का निर्धारण करते शहर के 583 लोगों को 36 लाख का कर भुगतान करने नोटिस जारी किया है।

नगर निगम द्वारा संपत्ति कर वसूली के लिए कर दाताओं से स्वनिर्धारित फॉर्म भराया जाता है। जिसमें जमीन का माप और निर्माण क्षेत्र उल्लेखित होता है, लेकिन कर दाताओं द्वारा पूरा निर्माण क्षेत्र न दर्शाते टैक्स कम बनवाने मोहर्रिर को दी गई जानकारी के अनुसार ही टैक्स का निर्धारण कर दिया जाता रहा है, लेकिन अब नगर निगम द्वारा आधुनिक तकनीक का उपयोग करते गूगल अर्थ ऐप के जरिये संपत्ति कर का निर्धारण किया गया है। जिसमें अतिरिक्त टैक्स कर दाताओं का निकल गया है।

## गूगल अर्थ एप ने पकड़ी गड़बड़ी, निगम की नोटिस से मची खलबली

### महापौर के इशारे पर नोटिस

इस मामले में नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि महापौर के इशारे पर आयुक्त पांच गुना अधिक अतिरिक्त कर का नोटिस लोगों को थमा रहे हैं। जिससे जनता परेशान हो रही है। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस की विधानसभा चुनाव में हार की खीज है। उन्होंने कहा कि इस मामले में भाजपा पार्षद दल नोटिस वापस लेने की मांग आयुक्त से करेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि टैक्स मोहर्रिर बनाते हैं, अगर गलत टैक्स अब तक ले रहे थे तो ऐसे कर्मचारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।




### शासन के इशारे पर काम

डबल इंजन की सरकार जब से सत्ता में बैठी है, तब से वह नगर निगम को सहयोग नहीं कर रही है। यह काम राज्य शासन के इशारे में चल रहा है। इसके लिए राज्य शासन जिम्मेदार है और अगर आयुक्त उनके इशारे पर कार्य कर रहे हैं तो गलत है। आयुक्त को महापौर परिषद से निर्णय लेना चाहिए था, बिना अनुमति के कैसे टैक्स के अंतर की राशि निकाली गई है।

**- हेमा देशमुख,** महापौर

### जनता को किया जा रहा प्रताड़ित

इस मामले में वरिष्ठ पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर की जनता को प्रताड़ित किया जा रहा है। पांच गुना अर्थदंड लेना निंदनीय है। उन्होंने कहा कि मोहर्रिर ने जितना टैक्स बताया उतना कर दाताओं द्वारा पटाया गया है। उन्होंने निगम के अधिकारियों को चेतावनी देते कहा कि गूगल मैप से कर वसूली का निर्धारण करने की जानकारी सामान्य सभा में दी जानी चाहिए थी, यह प्रत्यक्ष रूप से भ्रष्टाचार है।

### भेजा गया नोटिस

हर साल संपत्ति कर दाता को स्वभिवर्नी फार्म भरना होता है। कर दाता द्वारा बताए गए निर्माण एरिया के अनुसार ही टैक्स बनाया जाता है। 583 बड़े करदाताओं द्वारा अपने निर्माण क्षेत्र को कम बताया जा रहा था, इसलिए उन्हें अतिरिक्त टैक्स की राशि जमा करने नोटिस भेजा गया है।

**- मोबीन अली,** उपायुक्त, नगर निगम

### कर दाताओं ने की शिकायत

नोटिस मिलने के बाद अपनी शिकायत लेकर नगर निगम पहुंचे भरकापारा के राजकुमार बाफना ने बताया कि उनकी रसीद अशोक कुमार, राजकुमार उत्तमचंद बाफना के नाम से काटी गई है। वर्तमान 2024 का जल कर, समेकित कर और संपत्ति कर मिलाकर उन्होंने 30 हजार 34 रुपए पटा दिया है, लेकिन इसके बाद अंतर की राशि 7496 रुपए अतिरिक्त निर्धारित करते उन्हें 5 गुना अंतर की राशि का अर्थ दंड जोड़कर वर्ष 2024-25 का संपत्ति कर 21330 रुपए निकालते 58 हजार 810 रुपए जमा करने नोटिस जारी किया गया है।

# पति के दीर्घायु की कामना लिए महिलाएं रखेंगी करवा चौथ व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पर्वों की श्रृंखला में इस माह 20 अक्टूबर को श्रद्धा भक्ति के साथ सौभाग्यवती महिलाएं करवा चौथ पर्व मनाएंगी। इस अवसर पर कठिन व्रत रखकर पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार के लिए मंगल कामनाएं करेंगी। पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही है।

ज्ञात हो कि अक्टूबर माह में लगातार व्रत-त्यौहारों का क्रम बना हुआ है। जिससे लोगों के बीच उत्साह का वातावरण निर्मित है। पर्वों के क्रम में इस माह करवा चौथ व्रत 20 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पंचाग के अनुसार प्रतिवर्ष करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाता है। इस वर्ष चतुर्थी तिथि 20 अक्टूबर को सुबह 6 बजकर 46 मिनट से शुरू होगी। जिसका समापन 21 अक्टूबर को सुबह 4.16 बजे पर होगा। आगामी दिनों में आने वाले पर्व को लेकर व्यापक तैयारियां शुरू कर दी गई है।

**पूजा सामग्रियों की मांग**

इधर बाजार में करवा चौथ पर्व से पूर्व ही पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। व्यवसायियों ने बताया कि पूजा सामग्रियों की मांग लोगों के बीच अभी से बनने लगी है। बाजार में आकर्षक सजे हुए करवां मिट्टी के पात्र, छलनी सहित अन्य पूजा सामग्रियां उपलब्ध है। जिसकी खरीदी भी शुरू कर दी गई है। आगामी दिनों में पूजा सामग्रियों की मांग और भी बढ़ने की उम्मीद है।

**चांद का करेंगे दर्शन** : करवा चौथ पर्व पर सौभाग्यवती महिलाएं कठिन निर्जला व्रत रखकर पर्व श्रृंगारित होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर शाम के समय चंद्रोदय होने के बाद चांद का दर्शन कर व्रत का पारण करेंगी एवं पति के दीर्घायु एवं घर-परिवार के लिए मंगल कामना करेंगी। पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# अब 11 नहीं 14 नवंबर से होगी ओपन स्कूल परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ओपन स्कूल परीक्षा को लेकर एक बार फिर समय सारिणी में बदलाव किया गया है। प्रदेश के रायपुर जिले की एक विधानसभा सीट में होने वाले उपचुनाव के कारण अब 11 नवंबर की जगह 14 नवंबर से परीक्षा की शुरूआत होगी। नया टाईम टेबल जारी कर दिया गया है।

नए टाइम टेबल के अनुसार परीक्षा 14 नवंबर से शुरू होगी और 29 नवंबर तक चलेगी। विद्यार्थी परीक्षा के संशोधित टाईम टेबल के संबंध अपने समीप स्थित अध्ययन शाला में जाकर जानकारी हासिल कर सकते हैं। वहीं छात्र-छात्राएं ओपन स्कूल की वेबसाइट में भी जाकर टाईम टेबल डाउनलोड कर सकते हैं।

10वीं और 12वीं की सभी मुख्य परीक्षाएं सुबह 8.30 बजे से होंगी। 12वीं सैद्धांतिक परीक्षा के दिन हाईस्कूल प्रायोगिक परीक्षा और हाईस्कूल सैद्धांतिक परीक्षा के दिन हायर सेकंडरी प्रायोगिक परीक्षा ली जा सकती है।

**आवेदन जमाः** ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से मंगाए गए थे। ओपन स्कूल के अलावा सीजी बोर्ड, सीबीएसई या अन्य बोर्ड से फेल हुए छात्र इस परीक्षा के लिए आवेदन किया है। इसके अलावा नए छात्र भी परीक्षा के लिए आवेदन किया है। यह पहली बार है, जब साल में ओपन स्कूल की तीनों परीक्षा मुख्य परीक्षा के रूप में हो रही है। परीक्षा का समय सुबह 8.30 बजे से 11.45 बजे तक निर्धारित है।

## माय एंगल




### 12 को स्थानीय अवकाश

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने सामान्य पुस्तक परिपत्र में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते स्थानीय अवकाश 1 नवंबर 2024 दीपावली का दूसरा दिन गोवर्धन पूजा के स्थान पर 12 नवंबर को तुलसी विवाह देव उठनी एकादशी व्रत के अवसर पर स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश बैंक व कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### बैठक 22 को

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 22 अक्टूबर को आयोजित की गई है। बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में दोपहर 2 बजे से शुरू होगी। बैठक में सभी संबंधितों को अनिवार्य रूप से उपस्थित होने कहा गया है।

# ट्रक की ठोकर से मोटर साइकिल सवार की मौत

**राजनांदगांव।** बाइक में सवार होकर अपने घर जा रहे युवक को लापरवाही से भागती ट्रक के चालक ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 17 अक्टूबर को ग्राम बढ़ईटोला निवासी तारण धुर्वे उम्र लगभग 40 वर्ष बाइक में सवार होकर किसी कार्य से खैरागढ़ गया हुआ था, जहां से वह वापस लौट रहा था। शाम लगभग पौने छह बजे ग्राम पेंड्रीकला के हालर मिल के पास पहुंचा ही था कि खैरागढ़ की ओर से आ रही एक ट्रक ने उक्त बाइक सवार को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे तारण धुर्वे गिर गया और ट्रक का पहिया तारण के उपर से गुजर गया। इस घटना में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।










नगद खरीदें • सस्ता खरीदें
क्रेडिट व डेबिट कार्ड स्वीकार्य
दशहरा व दीपावली के शुभ अवसर पर पूरे परिवार का कपड़ा खरीदने व उपहार पाने का सुनहरा मौका
प्रशांत क्लॉथ मर्चेन्ट
थोक भाव में शहर का रिटेल कपड़ा दुकान
प्रकाश
होलसेल बाजार
Mo. 9981640064, 9993734455
सीधे कंपनी के भाव में 1 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक
सूरत साड़ी मेला
नया स्टॉक • नई डिजाईन • फुलरेंज
साड़ियां | टॉप व कुर्तियां | मेन्सवीयर | सूटिंग-शर्टिंग | हैण्डलूम
एवं समस्त रेडिमेड आइटम
शुक्ला मार्केट, चंडी मंदिर के पास, डोंगरगांव

श्री Restaurant
श्री फैमली रेस्टोरेंट
शुद्ध शाकाहारी
बर्थ-डे पार्टी, किटी पार्टी, एनेवर्सरी, बिजनेश मिटिंग एवं सभी अवसरों के लिये फैमली हॉल उपलब्ध है...
पार्सल सुविधा उपलब्ध
शुभम वैष्णव 87702 56822 | सुरेश वैष्णव 97521 52337
पता- माथलडबरी, डोंगरगांव (मोहड़ चौक से छुरिया रोड पर 1 कि.मी.)

## खबर संक्षेप



### बघेल ने किया बुद्ध के दर्शन

**अंबागढ़ चौकी।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, विधायक भोलाराम साहू ने नगर में स्थापित बुद्ध प्रतिमा के दर्शन कर पुष्प अर्पित किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार, उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पार्षद आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने बच्चों को किया जागरूक



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में साइबर ठगी से बचने की जानकारी देने के लिए नवा बिहान टीम ने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। टीम में शामिल केयूर भूषण यादव एवं बिसेलाल यादव ने बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लुभावने आफर,लक्की ड्रा वाले ऐप, केवायसी की आड़ में आनलाईन ठगी किया जाता है। ठगी से बचने अनजान काल रिसीव ने करें। आधार कार्ड, बैंक पास बुक की जानकारी किसी को न दें। ठगी होने पर जानकारी पुलिस थाने को दे। शिविर में प्राचार्य रोहित निर्मलकर सहित आचार्य दीदी आदि शामिल हुए।

### आचार्यश्री की पूजा और भजनों में झूमे भक्त



**डोंगरगढ़।** जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के अवतरण दिवस के मौके पर चंद्रगिरी तीर्थ में प्रातः भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, पूजन के पश्चात समाधि स्थल पर आचार्य श्री की संगीतमय पूजन एवं विधान किया गया। पूजा के बाद भंडारा का आयोजन किया गया जिसमे 8 से 10 गाँव एवं शहर के लगभग 3 हज़ार लोगों ने भोजन ग्रहण किया। इसी कड़ी में श्री दिगम्बर जैन मंदिर के सामने खीर वितरण किया गया। शाम को गोलबाज़ार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विशिष्ट अतिथि धनेश पाटिला, थानेश्वर पाटिला, सुदेश मेश्राम, हरीश भंडारी, विनोद तिवारी, संध्या देशपाण्डे थी। कार्यक्रम में निखिल जैन, मयूर बिंदल, मयंक बिंदल, पूनमचंद बिंदल, गोल्डी भाटिया, वेंकट राव, अतुल व्यास एवं श्रीमती शर्मा ने भजनों से ऐसा शमा बांधा कि भक्त भक्ति में झूम उठे। इस दौरान केशर एवं मावा युक्त दूध का वितरण किया गया। समाज के जयकुमार जैन सप्रेम जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया है।

---

### ग्रामीण देवी-देवताओं के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व से अवगत कराने की पहल

# 40 मंडलियों ने छेड़ा भक्ति की तान, झूमे भक्त, निकली माता देवाला दर्शन यात्रा

## गांव-गांव में हुआ यात्रा का आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

लोक मंडई के माध्यम से राज्य की गौरवशाली कला, संस्कृति और गीत संगीत से अब तक रू ब रू कराने वाले विधायक दलेश्वर साहू ने एक नई पहल करते हुए गुरूवार को माता देवाला तीर्थ यात्रा का आगाज किया। करीब तीन दर्जन से अधिक जस मंडलियों के सेवा गीतों की सुमधुर तान और कुंवारी माता सहित हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में निकली माता देवाला यात्रा की शहर और आसपास के गांव में श्रद्धा और भक्ति के साथ अगवानी की गई।

■ ग्रामीण देवालयों के जीर्णोद्धार की होगी पहल

उल्लेखनीय है कि क्वांर नवरात्र पर्व के बाद विधायक दलेश्वर साहू ने गांव- गांव में विराजित देवी देवताओं के इतिहास, महत्व से मौजूदा पीढ़ी को अवगत कराने माता देवाला तीर्थ यात्रा की शुरूवात की गई। यह यात्रा गुरूवार को नगर के शीतला मंदिर से आरंभ हुई।

कॉलेज रोड स्थित शीतला मंदिर में पूजा अर्चना के बाद यात्रा फव्वारा चौक, चंडी मंदिर, मेन रोड, थाना रोड होते हुए किल्लापारा स्थित शीतला मंदिर पहुंची। यहां से यात्रा बरगांव, गुंगेरी नवागांव, जामसरार होते हुए मनेरी पहुंची जहां पहले दिन का समापन हुआ।



### बढ़ता गया कारवां

शीतला मंदिर से निकली माता देवाला तीर्थ जैसे जैसे आगे बढ़ते गई लोगों का कारवां भी बढ़ता गया। इस दौरान शहर और गांव के महिला पुरूषों ने पूजा अर्चना किया।इस दौरान ऐसी भीड़ उमड़ी जिसकी कल्पना आयोजकों ने भी नहीं किया था। ब्लाक के ग्राम बरगांव, गुंगेरी नवांगांव, जामसरार और अंतिम पड़ाव के गांव मनेरी में माता देवाला तीर्थ यात्रा का ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया।

### एक अनूठी पहल

विधायक साहू ने युवाओं को माता देवाला एवं ग्रामीण देवी-देवताओं की मान्यताओं से अवगत कराने के लिए यह आयोजन किया है। प्रदेश में अपनी तरह का पहला आयोजन है। यात्रा के देवी देवताओं के मंदिर के इतिहास, धार्मिक महत्ता से आम लोगों को अवगत कराने के लिए प्रकाशित पुस्तक का वितरण भी किया गया।




**झांकियों ने किया आकर्षित** — लोक मंडई के दौरान कला के विविध रूपों को अपनी कलात्मक सोच से लोगों के सामने पेश करने वाले विधायक साहू ने यात्रा के दौरान ग्रामीण देवी देवताओं की लोक लुभावना झांकी तैयार करवाया था ताकि लोगों परोक्ष रूप से उसके महत्व को जान सके। झांकी में परेतीन दाई, गौरा गौरी, बूढ़ी माई, बघरन पाठ, भैंसासुर, भूमियार, ठाकुर देवता, कंकालीन माता, कुकरापाठ आदि की प्रतिकृति प्रस्तुत किया गया जो लोगों के बीच आकर्षण का केन्द्र रही।

### भक्ति में झूमे लोग

क्वांर नवरात्र के बाद आयोजित इस आयोजन में शामिल महिला- पुरूष जस और देवी के भक्ति गीतों में जमकर थिरके। मनेरी में प्रसिद्ध भजन गायक विवेक शर्मा ने भक्ति के रंग बिखेरा। इस दौरान विधायक दलेश्वर साहू, किसान नेता गुलाब वर्मा, जयश्री साहू, होमदत्त वर्मा, श्रुति शुक्ला, मोती वर्मा, टिकेश साहू, भावेशसिंह, सुयश नाहटा, मोहनीश साहू, गणेश साहू, महेन्द्र वैष्णव, प्रभु सिन्हा, मयंक यदु तामेश्वर वर्मा, रौशन यदु, चुम्मन साहू, रजत साहू, सद्दाम खत्री, रवि शुक्ला, नवीन अग्रवाल, अखिलेश नखत, रितेश राजपूत सहित अंचल के महिला पुरूष बड़ी संख्या में मौजूद थे।

---

# जांच के दायरे में नगर पालिका के कई काम




हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

शहर विकास के लिए शासन से करोड़ों की स्वीकृति मिल रही है किन्तु राशि का उपयोग कर कैसा निर्माण किया जा रहा है वह किसी से छुपा नहीं है। लगाताार गड़बड़ी के बाद नगरीय निकाय विकास विभाग ने 2020 से 2023 तक कराए गए निर्माण कार्यों में गड़बड़ी की जांच किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका से कई कार्यों एवं खरीदी की फाईल गायब कर दी गई है और अधिकारी अब अपने को बचाने फाइल गायब होने की शिकायत थाने में किया है।

जानकारी के अनुसार आवास के भुगतान मामले में तत्कालीन सीएमओ कुलदीप झा के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया है। नगरीय निकाय प्रशासन विभाग के आदेश के बाद जेडी कार्यालय दुर्ग ने 30 दिन के अंदर जवाब मांगा है। जानकारी के अनुसार आवास योजना के हितग्राही को अतिरिक्त भुगतान किया गया है।

### कर्मचारियों से पूछताछ

जानकारी के अनुसार पालिका के इंजीनियर, लेखापाल एवं प्रभारी कर्मचारियों से जेडी कार्यालय में पूछताछ करने के साथ बयान भी लिया जा रहा है। पालिका के तत्कालीन सीएमओ के कार्यकाल में निर्माण कार्यों के अलावा खरीदी के मामले की जांच होने से हडकंप मच गया। संभावना व्यक्त किया जा रहा है कि जांच के बाद दो से तीन सीएमओ सहित अन्य प्रभारी कर्मचारी कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं।

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

7987328736, 7489348301

---

# शरद पूर्णिमा को लोगों ने किया सरस्वती पूजा

**डोंगरगढ़।** राका में शरद पूर्णिमा के अवसर पर गंवईया लोकनाट्य संस्था मोहदी वाले का संस्कृततिक कार्यक्रम रखा गया। अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पा वर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना किया। स्वागत के बाद श्रीमती वर्मा ने कहा कि मां सरस्वती की सभी आराधना करते हैं। इस मौके पर श्री सिन्हा, जनपद सदस्य निर्मला सिन्हा ने ग्रामीणों को संबोधित किया। इस मौके पर सरपंच नामबाई साहू, पुनारद पटेल, निर्मल साहू, जितेन्द्र सिन्हा, देवजी सिन्हा, प्रेमलाल कुंजाम, किशोरी सिन्हा, नोहर सिन्हा, बिंदुबाई, ग्वालिनबाई सिन्हा, हेमराज सिन्हा, किशोर सिन्हा, सुनील सिन्हा, चमेली सिन्हा आदि मौजूद थे।



NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

# स्काउट गाइड का बेसिक प्रशिक्षण शिविर 20 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

स्काउट- गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी के आदेशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी के मार्गदर्शन, बीईओ नीलम राजपूत, रमेंद्र डडसेना, कृष्ण कुमार वर्मा एवं धनुष सिन्हा के नेतृत्व में बेसिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

यह शिविर आगामी 20 अक्टूबर तक हाईस्कूल ठंडार में आयोजित किया गया है। शिविर में विभिन्न स्कूलों से 239 शिक्षक- शिक्षिका, बेसिक कब मास्टर 93, बेसिक फ्लॉक लीडर 34, बेसिक स्काउट मास्टर 62, बेसिक गाइड कैप्टन 21, बेसिक रोवर स्काउट लीडर 17, बेसिक रेंजर लीडर 13 प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। शिविर का उद्घाटन गत दिनों डीईओ ने किया। इस दौरान सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी, बीआरसी, सरपंच तानसेन साहू, छत्रपाल जंघेल, लच्छू मेरावी, कौशल श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। इस दौरान गिरीश पाढ़ी, सत्यनारायण साहू, दिलीप निषाद, एल लिलिमा साहू, नीता त्रिपाठी, आनंद बघेल, योगेश्वर गांगुली, नीरज साहू, पोखन साहू, भुनेश्वर जंघेल, कल्पनासिंह, लक्ष्मी बृजवासी, भुवनलाल सिन्हा, चंद्रशेखर दिल्लीवार, सुनील देशलहरा, संतोष त्रिपाठी, विशाल ठाकुर आदि मौजूद थे। शिविर में केके वर्मा, धनुष सिन्हा, सुनील गुनी, पोर्णिमा नेताम, ललित कोसरे, लुकेश कुमार, दामेश साहू, आशीष साहू, सोनाली, गंगा आदि निरंतर सेवा दे रहे हैं।

# लूट, चोरी की घटनाएं बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर में इन दिनों लूट, उठाईगिरी और चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। पुलिस की कार्रवाई के बाद भी अपराधिक घटनाएं बढ़ने को लेकर शहर में कई तरह की चर्चा है।

सूने मकानों में चोरी, लूटपाट की घटना शहर में प्रमुखता से सामने आ रही है जिसे शहर में बढ़ रही बेरोजगारी से जोड़कर देखा जा रहा है। इन दिनों दंतेश्वरी पहाड़ी, परिक्रमा पथ, उत्पादक डिपो, रणचंडी मंदिर, क्रास पहाड़ी के पास युवाओं को नशाखोरी करते देखा जा सकता है। शहर में नशीली दवाई, गांजा, चरस का सेवन युवाओं द्वारा करने की बात भी सामने आ रही है।

उल्लेखनीय है कि पुलिस ने जेल रोड के पास एक माह पहले नशीली दवाई बेचने वाले युवक को पकड़ कर बड़ी मात्रा में नशीली दवाई बरामद किया था।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### पुलिस ने विद्यार्थियों को किया अलर्ट



**घुमका।** लोगों को साइबर ठगी से बचाने के लिए पुलिस द्वारा 5 से 19 अक्टूबर तक साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पखवाड़ा अंतर्गत शुक्रवार को पुलिस ने हायर सेकेंडरी स्कूलों एवं महाविद्यालय में साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति अभियान चलाया। इस अभियान के तहत आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में टीआई बसंत बघेल, रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय में उप निरीक्षक विक्रांत सुरेश सिंह, हाईस्कूल हरडुवा में सहायक उप निरीक्षक केआर नागवंशी, हायर सेकेंडरी स्कूल खैरा बा में प्रधान आरक्षक टीकाराम पटेल, हायर सेकेंडरी स्कूल पटेवा में प्रधान आरक्षक बिसेलाल साहू, खैरझिटी में प्रधान आरक्षक विजय राज सिंह, हायर सेकेंडरी स्कूल उपरवाह में आरक्षक चंद्र कुमार, हाईस्कूल सलोनी में आरक्षक पुनेश्वर साहू, हायर सेकेंडरी स्कूल मुरमुन्दा में आरक्षक गौतम सिंह एवं महिला आरक्षक पूजा, मासूल में हिरेंद्र देशमुख, बोटेपार में आरक्षक दुर्गेश साहू ने जागरूकता अभियान चलाकर नशा से दूर रहने छात्र-छात्राओं को प्रेरित किया। टीआई बघेल ने तहसीलदार सोनित मेरिया, सरपंच फूलमती वर्मा आदि की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम से बचने के लिए सावधान किया। सरपंच फूलमती वर्मा ने अभियान की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को साइबर ठगी से बचने का आव्हान किया।

### जंघेल को अर्पित किया श्रद्धांजलि



**सड़क अतरिया।** मंडल भाजपा छुईखदान के पूर्व अध्यक्ष योगेश्वर जंघेल को श्रद्धांजलि अर्पित करने प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव गुरूवार को सीताडबरी पहुंचे। उन्होंने परिजनो से भेंट कर दुख व्यक्त किया। उन्होंने योगेश्वर जंघेल को याद करते हुए कहा कि वह भाजपा के निष्ठावान कार्यकर्ता थे। इस दौरान पूर्व विधायक कोमल जंघेल, सावन वर्मा, पूरन जंघेल, मंडल अध्यक्ष नेतराम जंघेल, रोहित जंघेल, कृष्णाकांत महोबिया, अवध जंघेल, प्रकाश जंघेल, प्रहलाद वर्मा, रोशन जंघेल, भीखू साहू, देवशरण जंघेल, घसिया यादव, रामबिलास वर्मा, परमानंद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### कर्मियों को आपदा से निपटने प्रशिक्षण



**गंडई पंडरिया।** आपदा प्रबंधन की ट्रेनिग देने उड़ीसा से एनडीआरएफ पांच सदस्यीय टीम आई है जो जिले के विभिन्न शासय संस्थानों में ट्रेनिंग दे रही है। इसी कड़ी में 18 अक्टूबर को नगर पंचायत के सभागार में अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थित में जीवनरक्षक तरीकों के बारे में बताया गया। बताया गया कि एक्सीडेंट वाले स्थान पर कैसे काम करना है? किस प्रकार चोटिल व्यक्ति या खुद चोटिल होने पर जान बचाना है? बाढ़ में किस प्रकार घरेलू समानों का उपकरण बनाकर लोगों को बचा सकते हैं ? सिलेंडर में आग लगने पर कैसे बुझाएं? बच्चा कोई वस्तु निगल जाता है तो उसे कैसे निकाले? टीम ने डेमो दिखाकर ट्रेनिग दिया। इस दौरान सीएमओ हेमं वर्मा, किंसुक यादव, उपाध्यक्ष जाबिद खान सहित निकाय के कर्मचारी उपस्थित थे।


### नशा से दूर रहें विद्यार्थी



**अर्जुनी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किरगी में अखिल विश्व गायत्री परिवार के जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा ने विद्यार्थियों को जीवन का महत्व, लक्ष्य निर्धारित करने, प्रतिदिन कम से कम 5 घंटे पढ़ने प्रेरित किया। उन्होंने नशा से दूर रहने का आव्हान करते हुए कहा कि समाज और स्वयं के लिए नशा खतरनाक है। उन्होंने मनी एवं मोबाइल के दुरुपयोग एवं सदुपयोग पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य एनएल कमरिया, अशोक आल्हा, डॉ. कुसुम ठाकुर, नारदराम साहू, राजेश साहू, नूतनसिंह चंद्राकर, रविंद्ररमन साहू, महेशकुमार उइके, देवेंद्र कुमार उइके, सुरेशकुमार देहारे, नरेशकुमार भुआर्य, कृष्णाराम खेलवाड़े, कमलेश चंदेल, संदीप दीपांकन, हितेश साहू, खेमलाल साहू, हेमकुमारी राणा, चैनसिंह गंजीर उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने प्रभावितों के साथ कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

# जलभराव से नुकसानी, आंकलन बाद भी नहीं मिला दो महीने से मुआवजा



**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

सितंबर महीने मे बारिश के चलते जलभराव से प्रभावित व्यापारियों सहित ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को दीवाली पूर्व मुआवजा देने कांग्रेसियों ने कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू को ज्ञापन सौंपा। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन की अगुवाई मे प्रभावितों के साथ पहुँचे दीपक देवांगन, यतेंद्रजीत सिंह, अशोक साहू, राजा सोलंकी, समीर कुरैशी, रतन सिंगी, दीपराज वर्मा, चंद्रशेखर अग्रवाल, दीपक रजक सहित अन्य ने बताया कि बीते दस सितंबर की रात भीषण बाढ में इतवारी बाजार के व्यापारियों सहित ग्रामीण क्षेत्र में जलभराव के चलते मकान, दुकान, खेत खलिहान और सब्जी बाड़ी मे जलभराव के कारण काफी नुकसान हुआ है। शहर मे इतवारी बाजार, अंबेडकर वार्ड, पटेलपारा सहित ग्रामीण क्षेत्र मे आमनेर, मुस्का और पिपरिया नदी किनारे बसे गाँव कांचरी, शेरगढ़, बफरा, मड़ौदा, बिड़ौरी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। शहर के इतवारी बाजार, तुरकारीपारा, अम्बेडकर वार्ड में दस फीट पानी भरा हुआ था जिससे कई मकानों मे घरेलू उपयोग का राशन और सामान खराब हो गया वही मकान मे भी क्षति हुई। इतवारी बाजार मे व्यापारियों का लाखो रूपये का किराना, इलेक्ट्रॉनिक, मेडिकल दवाई, खाद, बीज, सब्जी, होटल सामान वगैरह पूरी तरह से खराब हो गया जिसे अनुपयोगी होने के कारण फेकना पड़ा।

#### सैकड़ों एकड़ फसल और बाड़ी में घुसा था पानी

कांग्रेस नेता मनराखन देवांगन ने कहा कि जलभराव की क्षति का आकलन करने पहुँची विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा साथ राजस्व विभाग के अधिकारियों ने मौका मुआयना कर क्षति का आकलन करते हुए सर्वे रिपोर्ट तैयार किया वही गांव में बाढ़ से खेत बाड़ी मे हुए क्षति का अवलोकन कर राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारियों ने प्रतिवेदन बना कर प्रेषित कर दिया था। मनराखन देवांगन ने कहा कि विधायक यशोदा वर्मा ने मौके पर ही राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया था कि नुकसान का प्रकरण तैयार कर नियमानुसार जल्द मुआवजा दिया जाए ताकि प्रभावितो को कुछ हद तक राहत मिले। लेकिन मौका मुआयना, सर्वे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दो महीने बाद भी बाढ़ से नुकसानी का प्रभावितो को मुआवजा नही मिल पाया है। महांत मे दिवाली जैसे पर्व को देखते हुए उन्होने मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जल्द मुआवजा राशि वितरण करने की मांग की है ताकि बाढ़ प्रभावितो को व्यापार व्यवसाय मे काफी हद तक राहत मिल सके।

### कबड्डी प्रतियोगिता आज

**चिचोला।** न्यू स्टार कबड्डी क्लब शिकारीटोला के तत्वावधान में एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता कल 19 अक्टूबर को रखा गया है। प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7001, तृतीय 5001 और चतुर्थ पुरस्कार 4001 रुपए दिया जाएगा।

**महालक्ष्मी प्रॉपर्टी एवं फाइनेंस सर्विसेस**

राजनांदगांव एवं आसपास के जिलों में सभी शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में दुकान, मकान, कृषि भूमि एवं प्लॉटिंग संबंधित भूमि खरीदी की जाती है।

ग्राहक लाने पर 10% कमीशन

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए

आज लोन लिजिए 10 साल तक की आसान किस्तों में चुकायें सभी प्रकार के लोन अब मात्र 48 घंटों में संपर्क करें।

पता - शॉप नं. 24, दिग्विजय स्टेडियम परिसर, राजनांदगांव (छ.ग.)

9301443163, 7987993140

### आम सूचना

मैं अपने पक्षकार की ओर से पाये हुवे अधिकार व निर्देश के सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री अनिल गोयल आ. श्री हरिराम गोयल निवासी : पंजाबी बाग, नई दिल्ली, कृषक ग्राम-टेड़ेसरा, तहसील व जिला-राजनादगांव वर्तमान निवासी : मकान-01, नर्मदा क्लब कम्पाउण्ड, कैन्ट जबलपुर (म.प्र.) के भूमि स्वामी हक व आधिपत्य की ग्राम-टेड़ेसरा, प.ह.नं. 63, तहसील व जिला-राजनादगांव स्थित भूमि खसरा नंबर 15038, 15037 रकबा क्रमशः 1.7540, 0.1640 हे., जुमला 1.9180 हे. (जिसमें से भूमि खसरा नंबर 15038, रकबा 1.7540 हे. परिवर्तित है) व खसरा नंबर 771/5, 777, 779, 780 का टुकड़ा रकबा 0.04 डिसमिल/0.016 हे./1850 वर्गफुट को क्रय करने का सौदा किया गया हैं और शीघ्र ही मेरे पक्षकार द्वारा बचत प्रतिफल देकर विक्रेता श्री अनिल गोयल आ. श्री हरिराम गोयल से विक्रय पत्र का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना है। उपरोक्त सौदा के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी भी प्रकार का कोई उजर या दावा है तो इस आम सूचना प्रकाशन के सात दिवस के भीतर मेरे पते पर मय दस्तावेज के करें। यदि उपरोक्त अवधि के पश्चात किया गया उजर या दावा अमान्य होगा।

सूचना जाने।

दिनांक : 18.10.2024

(हरेकृष्ण तिवारी)
अधिवक्ता
निवास एवं कार्यालय फरिश्ता काम्पलेक्स के सामने, पचरीपारा, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

### पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर



**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**


जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय राजनांदगांव द्वारा प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सुषमा सावंत के मार्गदर्शन में अनुसूचित जनजाति पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार कश्यप ने राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं, लोक अदालत व मध्यस्थता से लाभ, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, मोटर यान अधिनियम सहित अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने छात्रावास की छात्राओं को पॉक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ प्रेम संबंध में सहमति से यौन संबंध बनाया जाता है, तब भी पॉक्सो कानून लागू होगा। उन्होने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में कानून की जानकारी नही होने की दलील नहीं दी जा सकती और इसके आधार पर अदालत सजा में किसी तरह की राहत नहीं दे सकतीं। श्री कश्यप ने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढियों को ऐसे कानूनों के परिणामों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, खासकर स्कूलों और कॉलेजों को इन कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के बारे में सोचना और इस दिशा मे काम करना जरूरी है।

#### जीवन में लक्ष्य बनाना जरूरी है

डीजे कश्यप ने कहा कि जीवन में सफलता पाना है तो सबसे पहले लक्ष्य बनाओ और दिन रात उसी लक्ष्य के बारे में सोचो फिर लक्ष्य पाने जुट जाओ। सफलता जरूर कदम चूमेगी। असल में जब आप कोई कर्म करते हैं तो जरूरी नहीं कि आपको सफलता मिल ही जाए लेकिन असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। लक्ष्य प्राप्ति तक खुद पर विश्वास और आस्था साथ सकारात्मक सोच रखना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गुरु प्रसाद देवांगन ने शिक्षा का महत्व समझाते हुए छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय जाने की समझाइश दी। उन्होने करियर मार्गदर्शन भी किया। पीएलवी गोलू दास साहू ने साइबर अपराध के संबंध में बताया कि विज्ञान के आविष्कारों का प्रयोग हमें अपनी उन्नति के लिए करना चाहिए और उसका सदुपयोग कर निरंतर आगे जीवन में आगे बढना चाहिए। शिविर संचालन पीएलवी गोलू दास साहू और आभार प्रदर्शन हॉस्टल वार्डन क्रिस्टीना दास ने किया।

### झेरिया यादव समाज की बैठक 20 को

**राजनांदगांव।** झेरिया यादव समाज संयुक्त जिला राजनंदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं चौकी-मोहला-मानपुर का सामाजिक बैठक 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे यादव सामुदायिक भवन डोंगरगांव में आयोजित की गई है। ज्योतिषराम यादव संयुक्त जिलाध्यक्ष, सेवकराम यादव प्रदेश संगठन सचिव एवं जिला महामंत्री, भारत यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पन्नालाल यादव अध्यक्ष डोंगरगांव, गुरुदेव यादव, विष्णुराम यादव अध्यक्ष, शत्रुहन यादव अध्यक्ष छुरिया, शिवकुमार यादव अध्यक्ष राजनीतिक प्रकोष्ठ ने बैठक में सभी जिला के पदाधिकारीगण, सभी परिक्षेत्र के पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है। बैठक में आगामी दीपावली मिलन समारोह के आयोजन के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर नीतिगत निर्णय लिया जाएगा।




### मोहबे और जैन का इस दुनिया से जाना कॉलेज के लिए बहुत बड़ी क्षति



**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को डॉ. हेमलता मोहबे और डॉ. चंद्रकुमार जैन के निधन पर शोक श्रद्धांजलि आयोजित की गई। शोक श्रद्धांजलि में दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला गया तथा उनके योगदान का भी उल्लेख किया गया।

प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर ने कहा कि डॉ. मोहबे और डॉ. जैन का इस दुनिया से जाना इस महाविद्यालय के लिए बहुत बड़ी क्षति है। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि मोहबे के निधन से इस संस्था ने अपना अभिभावक खो दिया है। वे हम सभी के मार्गदर्शक थी। वे इस संस्था के गुरूओं के भी गुरू थी। इसी प्रकार डॉ. चंद्रकुमार जैन की मंचीय आवाज हम सबके कानों में गूंजती रहेगी। वे योग्य प्राध्यापक और कुशल वक्ता थे। श्रद्धांजलि में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, रजिस्ट्रार, जनभागीदारी शिक्षक एवं कार्यालयीन स्टाफ शामिल थे।

## सार समाचार

### धामनसरा में पशु चिकित्सा कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव।** पं. शिवकुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ग्राम धामनसरा में 18 अक्टूबर को अधिष्ठिता डॉ. जयालक्ष्मी गांगुली के मार्गदर्शन में रॉ के छात्रों द्वारा डॉ. नरेन्द्र जैन एवं डॉ. प्रियंका साव के नेतृत्व में आयोजित शिविर में अहम भूमिका निभाई। पशु चिकित्सकों द्वारा ग्राम धामनसरा के गौठान में यह शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गांव के वरिष्ठ नागरिक भागवत वैष्णव तथा गांव के पशु पालकों द्वारा लाभ उठाया गया। इस शिविर के दौरान पशुओं को पीपीएम एवं एफएमडी का टीकाकरण किया गया तथा कृत्रिम गर्भधान किया गया। विश्वविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. मनोज चंद्राकर तथा छात्र मनु कुमार, नवीन कुमार, रोहित, मनीष, सत्यप्रकाश, ओमप्रकाश, सुखदेव, छात्रा सौम्या, स्वाति, संध्या का विशेष सहयोग रहा।

### सात दिवसीय विशेष शिविर



**राजनांदगांव।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन किया गया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर के लिए सिंघोला गांव को चुना गया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, विशेष अतिथि मूलचंद भंसाली, रोहित चंद्राकर, सरपंच मुकेश साहू व उपसरपंच साहू शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक कैसे राष्ट्र के प्रति अपनी भूमिका निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों से अपील की कि इस सात दिवसीय विशेष शिविर में उन्हें जो भी कार्य करने को कहा जाए, वह उसे पूरे मन से करें और अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाए। इस सात दिवसीय विशेष शिविर में आपके व्यक्तित्व का विकास होगा और आप अच्छे समाजसेवी के रूप में बनकर उभरेंगे। जनभागीदारी अध्यक्ष रवि सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को इस सात दिवसीय विशेष शिविर में पंजीकरण करने के लिए शुभकामनाएं दी।

### संस्कार सिटी कॉलेज में मनाया गया प्रवेश उत्सव




**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में 17 अक्टूबर को नव प्रवेशित छात्राध्यापकों के साथ महाविद्यालय में प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा द्वारा मां सरस्वती के करकमलो पर पुष्प अर्पित कर किया गया। नव प्रवेशित छात्राध्यापकों ने अपना व्यक्तिगत परिचय दिया। परिचय उपरांत प्राचार्य द्वारा उन्हें आगामी दो वर्षों में एक उच्च कोटि के शिक्षक के रूप में अपना भविष्य निखारने की मंगल कामना के साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों का मुंह मीठा कराकर उपहार स्वरूप पेन प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं नव प्रवेशित छात्राध्यापकों ने अपनी-अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते कार्यक्रम को संपन्न कराया।

### हिंदी साहित्य परिषद ने जैन को दी श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** दिग्विजय महाविद्यालय के हिंदी साहित्य परिषद द्वारा डॉ. चंद्रकुमार जैन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उनकी कविताओं का पाठ कर उन्हें काव्यात्मक पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके व्यक्तित्व के विविध पहलुओं का उल्लेख किया गया। आत्माराम कोशा ने डॉ. जैन के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। डॉ. शंकर मुनि राय ने उनकी कविता गीत खुशी के गा लेना सहित अन्य कविताओं को पढ़कर उन्हें काव्यात्मक श्रद्धांजलि दी। डॉ. गायत्री साहू ने बताया कि वे दोनों एक ही साथ पीएचडी के लिए पंजीकृत हुए थे। डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने उनकी अध्यापन और मंचीय कला का बखान करते याद किया। डॉ. नीलम तिवारी ने उनके प्रभावी वक्तृत्व कला और ओजस्वी वाणी को याद करते उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. बीएन जागृत ने डॉ. चंद्रकुमार जैन के विनोदी स्वभाव और मेहनती स्वभाव को याद करते कहा कि उन्होंने नौ विषयों में एमए की डिग्री हासिल किया था और जैन मुनि विद्यासागर के मूकमाटी ग्रंथ पर पीएचडी डिग्री प्राप्त की थी। डॉ. शंकर मुनि राय ने कहा कि जैन के निधन से हिन्दी विभाग सहित राजनांदगांव नगर और हिंदी साहित्य-परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। डॉ. वीरेंद्र कुमार साहू, कौशिक बिशी और हिंदी साहित्य परिषद के सचिव मनीष टांडेकर ने जैन के प्रभावशाली व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताया।

### जिला झेरिया धोबी समाज की बैठक 20 को

**राजनांदगांव।** जिला झेरिया धोबी समाज के अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने बताया कि जिला झेरिया धोबी समाज की कार्यकारिणी बैठक 20 अक्टूबर को चिखली दीनदयाल नगर स्थित सामाजिक भवन में 12 बजे आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जिले के समस्त परिक्षेत्र एवं जिला पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाएं। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी है।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक कल

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आगामी 20 अक्टूबर को दोपहर 12.30 बजे स्थानीय ठाकुर प्यारेलाल हाईस्कूल में आयोजित की गई है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवान शामिल होंगे। राजनांदगांव जिले के महामंत्री सुधीर शेंडे ने जिले, तहसील, नगर व ग्रामीण इकाई के समस्त अध्यक्ष व पदाधिकारियों को उपस्थित होने की अपील की है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आज

- जिले की 280 स्कूल व 6 महाविद्यालयों में आयोजन

**राजनांदगांव।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में कल 19 अक्टूबर को जिलेभर के 280 विद्यालय एवं 6 महाविद्यालयों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रभारी टीएस ठाकुर के अनुसार उक्त परीक्षा का आयोजन कक्षा 5वीं से लेकर महाविद्यालय स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जाता है। परीक्षा का मुख्य उद्देश्य छात्रों में व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय मूल्यों की पुनर्स्थापना एवं अभिवर्द्धन करना है।

## निधन



### अमन सांखला

**राजनांदगांव।** नंदई चौक निवासी जीवनलाल सांखला के सुपुत्र अमन सांखला उम्र 32 वर्ष का शुक्रवार को सुबह आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दोपहर 12 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम में की गई। वे भाई नयन सांखला, चाचा लक्ष्मीचंद सांखला सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए।

### नवा बिहान के तहत जिलेभर में 27143 लोगों को एक साथ किया जागरूक

# पुलिस का सायबर व नशे के विरूद्ध अभियान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

''नवा बिहान'' के तहत जिले में सायबर जागरूकता एवं नशे के विरूद्ध अभियान चलाकर 27143 लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें छात्र-छात्रा, कर्मचारी एवं शिक्षक शामिल हैं। पुलिस के इस अभियान में एक साथ एक समय पर इतने लोगों को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्डस में दर्ज किया गया है। प्रदेशभर में साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के नेतृत्व में राजनांदगांव पुलिस 5 से 19 अक्टूबर तक नवा बिहान के तहत साइबर एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान पखवाड़ा चला रही है।

### अधिकारियों ने किया जागरूक

शुक्रवार को दोपहर 12 बजे एक साथ ''नवा बिहान'' के तहत पूरे जिले के विभिन्न 165 स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक संस्थानों एवं अन्य स्थानों में 27143 लोगों को साइबर अपराध एवं नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस के अधिकारियों एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारिया द्वारा जागरूकता अभियान में सम्मिलित होकर स्कूल, कॉलेज, औद्योगिक संस्थानों के लोगों को जागरूक किया गया।




### सर्टिफिकेट एवं मेडल प्रदान

इस प्रकार सायबर जन जागरूकता पखवाड़ा अभियान के दौरान ''नवा बिहान'' के तहत जिले में सायबर जागरूकता एवं नशे के विरूद्ध 26318 छात्र-छात्राओं एवं 825 कर्मचारी, शिक्षक कुल 27143 लोगों को राजनांदगांव पुलिस द्वारा जागरूक किया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को 25000 हजार पाम्पलेट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में एक साथ एक समय पर एक जिले में इतने लोगों को जागरूक करने पर यह रिकार्ड के रूप में ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' में दर्ज हो गया है। प्रदेश प्रभारी सोनल राजेश शर्मा द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का विजिट कर अभियान के सफलतापूर्वक समाप्ति पश्चात सोनल राजेश शर्मा द्वारा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल के समक्ष पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग को नवा बिहान के एक साथ एक समय पर एक जिले में सायबर अपराध एवं नशा मुक्ति के संबंध में जन-जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक सम्पन्न करने के फलस्वरूप ''गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकाड्र्स'' सार्टिफिकेट एवं मेडल प्रदाय किया गया।

### ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे

अधिकारियों द्वारा बताया गया सायबर अपराध के मामले तेजी से बढे है। आज हर व्यक्ति, बच्चे, बूढे सभी मोबाईल फोन व इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। आज-कल सायबर क्रिमिनल सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से झूठी फेक प्रोफाईल बनाकर नए-नए तरीके से लोगों से ठगी अथवा अन्य अपराध कर रहे हैं। सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले प्रमुख अपराध जैसे सायबर बुलिंग, सायबर स्टाकिंग, सायबर ग्रुमिंग, चाईल्ड पोर्नोग्राफी के संबंध में बताया गया। इसके अलावा वर्तमान में चल रहे शेयर मार्केट फ्रॉड, फेक ट्रेडिंग एप्प, सेक्सटार्शन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से फेक प्रोफाईल जैसे पुलिस अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या अन्य कानूनी एजेंसी के नाम से लोगों अथवा उनके बच्चों को गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल होना बताकर भयभीत कर केश समाप्त करने हेतु पैसो की मांग करना। इसी बहाने वीडियो कॉल के जरिये डिजिटल अरेस्ट करने की धमकी देकर लोगों से पैसे ठगी करने के संबंध में जानकारी दी गई।

### नशे से नुकसान

सोशल मीडिया एकांउट को सुरक्षित तरीके से प्रयोग करने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिया गया। साइबर ठगी होने पर अपराध की सूचना सायबर पोर्टल , सायबर हेल्प लाईन नंबर 1930 में ऑनलाईन शिकायत दर्ज करने के अलावा अपने निकटतम पुलिस थाना या सायबर सेल जाकर रिपोर्ट करने के संबंध में जानकारी दी गई। अभियान के दौरान पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा नवा बिहान के तहत नशा के विरूद्ध नशामुक्ति के संबंध में नारकोटिक्स, ड्रग्स, अवैध नशा से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में उपस्थित सभी लोगों को विस्तृत रूप से समझाते बताया कि नशा न केवल व्यक्ति का शारीरिक व मानसिक नुकसान करता है, बल्कि उसके परिवार को भी पतन की ओर धकेल देता है।

# जन्मदिवस पर भाषण स्पर्धा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के संदेशों के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कॉन्फ्लुएंस कॉलेज ने मिसाइल मैन का जन्म दिवस पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में रासेयो इकाई कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म दिवस को वल्ड स्टूडेंट्स-डे के रूप में मनाकर उनको सम्मान देना, उनकी विरासत को आगे बढ़ाने और उनके द्वारा दिए गए मूल्यों को छात्रों तक पहुंचाने यह आयोजन किया गया। डॉ. कलाम ने अपना अधिकतर जीवन युवा छात्रों को प्रेरित करने और गाइड करने समर्पित कर दिया। डॉ. कलाम हमेशा कहते थे कि सपने देखो-सपने देखो-सपने देखो, सपने विचारों में बदल जाते हैं और विचार कार्य में परिणत होते है। यही संकल्प एनएसएस के स्वयंसेवकों का भी है, जो डॉ. कलाम से प्रेरणा लेकर कार्य करते हैं।

प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने कहा कि आप हमेशा बड़े सपने देखे, कड़ी मेहनत करें, असफलता से कभी न डरे, यह सफलता के सरल रहस्य हमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने बताया है। वह अपने छात्र जीवन से हमेशा सीखने तैयार रहते थे और मेहनती थे। आज हमें उनके उन आदर्शों और प्रेरणा को आत्मसात करना है। जिससे हम योग्य नागरिक बने।



महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के छात्र तेजेंद्र साहू, प्रीति सिन्हा, अतुल प्रकाश, खिलेश्वरी, चंदन यज्ञ, शिवानी, खेमेन्द्र, घनश्याम, उत्कर्ष व प्रीति ने अपने-अपने विचार भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। जिसमें कहा कि देश के मिसाइल मैन 11वें राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम हमेशा कहते थे कि छात्र ही देश का भविष्य होते हैं और उन्हें अच्छी शिक्षा और सही दिशा दिखाने की जिम्मेदारी समाज की होती है, इसलिए आज हम छात्रों ने शिक्षा, रचनात्मकता और नवाचार पर आधारित अपने-अपने विचार प्रस्तुत किया और डॉ. कलाम को अपनी श्रद्धांजलि और सम्मान अर्पित किया। कार्यक्रम संचालन प्रीति सिन्हा एवं तेजेंद्र ने किया।

# पटाका व्यवसायियों की मांग पर अस्थाई भूखंड शुल्क में की कमी

### 22 को लाटरी के माध्यम से अस्थाई भूखंड आबंटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस वर्ष भी दीपावली में फटाका दुकान लगाया जाना है। जिसके लिए नगर निगम द्वारा 22 अक्टूबर को लाईसेंसी फटाका व्यवसायियों को लाटरी के माध्यम से विधिवत आबंटित किया जाएगा। आबंटन करने अस्थाई भूखंड शुल्क में इस वर्ष 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई थी।

वृद्धि दर कम करने फटाका व्यवसायियों द्वारा महापौर हेमा सुदेश देशमुख एवं नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता से मांग की गई। फटाका व्यवसायियों के हित में महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने वृद्धि दर में कमी की। दर कम होने पर अस्थाई भूखंड शुल्क 4590 रुपए के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रुपए देने निर्णय लिया गया। आयुक्त गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा फटाका दुकान के लिए लाइसेंसी फटाका व्यवसायियों से 22 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक वर्तमान लाइसेंस वर्ष 2024-25 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन के लिए आवेदन शुल्क एवं अस्थाई भूखंड आबंटन शुल्क राशि 4590 रुपए देकर आवेदन प्राप्त कर जमा करना था। फटाका व्यवसायियों की मांग पर शुल्क में कमी करते अस्थाई भूखंड शुल्क 4590 रुपए के स्थान पर अब व्यवसायियों को 4200 रुपए निर्धारित तिथि 22 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे तक आवेदन के साथ जमा करना होगा। आवेदनों के परीक्षण उपरांत दुकानों का अस्थाई भूखंड आबंटन नंबरिंग लाटरी के माध्यम से 22 अक्टूबर को दोपहर 4 बजे नगर निगम के सभागृह में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फटाका व्यवसायियों को 4200 रुपए की रसीद लेकर लाटरी में उपस्थित होना अनिवार्य होगा।

# समीक्षा : डिमांड दुरूस्त करने निर्देश

**राजनांदगांव।** टाउनहाल सभागृह में उपायुक्त मोबीन अली ने नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता के निर्देश पर राजस्व विभाग के राजस्व उप निरीक्षकों एवं सहायक राजस्व निरीक्षकों की समीक्षा बैठक में वसूली के संबंध में वार्डवार जानकारी ली और तीन दिवस के अंदर डिमांड दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त अली ने बैठक के दौरान समस्त राजस्व उप निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी को अपने प्रभारित वार्ड की इस वित्तीय वर्ष के कुल मांग एवं वसूली (चालू एवं बकाया सहित पृथक-पृथक) सहित प्रवृष्टि कर वार्डवार पंजी। जिसमें उस वार्ड के सम्पतिकर दाताओं, गैर सम्पतिकर दाताओं एवं जलकर दाताओं की संख्यावार पृथक-पृथक प्रविष्टि की व वसूली की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन कर नए सिरे से सही डिमांड तैयार किया जा रहा है। कुछ वार्ड प्रभारियों द्वारा डिमांड दुरूस्त नहीं किया गया। जिसके लिए आयुक्त द्वारा नाराजगी व्यक्त की जा रही है। उनके द्वारा कहा गया है कि जिन वार्ड प्रभारी ने डिमांड दुरूस्त नहीं किया है और वसूली जिनकी वसूली कम है, उन्हें नोटिस जारी कर कार्रवाई करें।

### आयोग सदस्य आज लेंगे बैठक

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य धन्यकुमार जिनप्पा गुंडे कल 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित अल्पसंख्यक योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस के अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया । जिसमें विषय विशेषज्ञ के रूप में डोमेन्द्र ध्रुव खाद्य सुरक्षा विभाग राजनांदगांव शामिल थे।

व्याख्यान का शीर्षक फूड एडल्टरेशन एंड सेफ्टीरेगुलेशन था। उन्होंने खाद्य की उपलब्धता तथा खाद्य की गुणवत्ता के बारे में जानकारी दी। साथ ही खाद्य सामानों में स्थित समस्याएं जैसे अमानक, मिथ्या छाप, असुरक्षित खाद्य के



बारे में जानकारी दी तथा सरकारी योजना में संचालित फोर्टीफाइड राइस वितरण के बारे में भी बताया। इसके साथ ही भिन्न प्रकार के दूध एवं दूध उत्पाद, फल एवं सब्जियों, पेय पदार्थ, चावल की शुद्धता की जांच करने संबंधित तरीकों के बारे में अवगत कराया। व्याख्यान में वाणिज्य विभाग के सभी प्राध्यापक तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# चिटफंड कंपनी में जमाकर्ताओं के फंसे चार करोड़ रुपए, अभिकर्ताओं ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भिलाई में संचालित एव्हीएम रियल एस्टेट चिटफंड कंपनी के खिलाफ राजनांदगांव जिले के जमाकर्ताओं और अभिकर्ताओं ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर यहां के सैकड़ों जमाकर्ताओं के लगभग 4 करोड़ रुपए फंसे होने की शिकायत करते कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

दस्तावेजों के साथ चिटफंड कंपनी की शिकायत लेकर कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे जमाकर्ता एवं अभिकर्ता नेतराम साहू, शिवकुमार देशमुख ने कहा कि इस चिटफंड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल साहू ने उन्हें 5 वर्ष में पैसे डबल होने का झांसा दिया था और ग्राहक बनाने में बेनिफिट देने की बात कही थी। नेतराम साहू ने बताया कि उन्होंने 300 प्रतिमाह की 63 किस्त स्वयं की जमा की थी और 295 लोगों के 70 लाख रुपए इस कंपनी में जमा कराए थे, लेकिन कंपनी द्वारा उनके पैसे वापस नहीं किए गए।



### जिले में ही 4 करोड़ से अधिक का मामला

रियल एस्टेट इस चिटफंड कंपनी के जाल में फंसकर राजनांदगांव के सैकड़ों जमाकर्ताओं ने लगभग 4 करोड़ रुपए की अपनी गाढ़ी कमाई इस चिटफंड कंपनी में लगा दी। अब वे अपने रुपए वापस पाने भटक रहे हैं।

### बॉन्ड पेपर भी करवा लिए जमा

कलेक्ट कार्यालय पहुंचे जमाकर्ता और अभिकर्ताओं ने कंपनी से संबंधित दस्तावेजों को प्रस्तुत करते शासन-प्रशासन से उनके रुपए वापस दिलवाने को लेकर गुहार लगाई है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कंपनी द्वारा रुपए वापस करने का झांसा देकर सभी बॉन्ड पेपर जमा करवा लिए गए थे और रसीद भी नहीं दी गई थी।

### राशि दोगुने होने का झांसा

चिटफंड कंपनी के झांसे में आकर अभिकर्ता बने सोमनी क्षेत्र के किसानों ने अन्य किसानों से भी लाखों रुपए इस चिटफंड में जमा करवा लिए और सभी को 5 वर्ष में उनके रुपए दोगुना होने का झांसा भी दिया गया था, लेकिन 5 वर्ष में कंपनी ही बंद हो गई और अब इन अभिकर्ताओं पर रुपए वापस करने को लेकर जमाकर्ताओं द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। ऐसे में अभिकर्ताओं ने इस मामले की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और कलेक्टर से करते कार्रवाई की मांग कर लोगों के पैसे लौटाए जाने की गुहार लगाई है। चिटफंड कंपनी के जमाकर्ताओं और अभिकर्ताओं ने कहा है कि उन्होंने कंपनी के डायरेक्टर से संपर्क किया तो जमीन बेचकर रुपए लौटाने की बात कही गई थी, उन्होंने शिकायत के बाद प्रशासन द्वारा जमीन की जब्ती बना लेने के डर से गुपचुप तरीके से जमीन अपने रिश्तेदारों के नाम कर दी है।



## पीजी कॉलेज मैदान में स्वदेशी मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

# कैबिनेट मंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया स्वदेशी मेला का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला व बाल विकास विभाग, समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सहित अतिथियो ने दीप प्रज्जवलित कर स्वदेशी मेला, सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा के पीजी कॉलेज में पहली बार आयोजित स्वदेशी मेला गुरूवार को किया। जिसमें मुख्य अतिथियो ने स्वदेशी मेला मे प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल का अवलोकन किया, अतिथियों ने स्टॉल का भ्रमण कर उनके उत्पादों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर प्रख्यात तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ एके श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि साजा विधायक ईश्वर साहू, जिपं अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी और प्रांत संयोजक जगदीश पटेल सहित उप मुख्यमंत्री धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि शर्मा, सांसद धर्म पत्नी श्रीमती रेखा पांडेय, पूर्व अध्यक्ष गौ सेवा आयोग बिसेसर पटेल, जिपं सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिपं अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, पूर्व जिपं सभापति मुकेश अग्रवाल, पूर्व नपा अध्यक्ष अनिल ठाकुर, अतुल देशलहरा, जसविंदर बग्गा, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, सुनील जोशी, सनत साहू, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे। कैबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि स्वदेशी मेला हमारे भारत देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है। स्वदेशी मेला के माध्यम से अपने देश में बने चीजों को खरीदने के लिए प्रेरित करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वदेशी वस्तुएं आत्मनिर्भरता और स्वालंबन का भाव पैदा करता है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेक इन इंडिया का संदेश दिया है, यह बहुत ही अच्छा संदेश है जिससे देश मजबूत हो रहा है। जब हम अपने देश के चीज को खरीदेंगे तो हमारा देश मजबूत होगा। हमें दूसरे देश के चीज को नहीं खरीदना चाहिए। अपने देश की समान खरीद कर देश को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि लगातार स्वदेशी मेला के माध्यम से यह प्रयास किया जा रहा है। पहले हमारा देश आर्थिक स्थिति में 11 वे नंबर पर था, लेकिन आज हमारा देश 5 वे नंबर पर आ कर मजबूत हुआ है। हमें इस बात का ज्ञान होना चाहिए कि हमारे पास कौन सी स्वदेशी वस्तुएं उपलब्ध है। हमें सिर्फ बड़ी ही नहीं छोटी-छोटी चीज अपने देश में बनी हुई खरीदनी चाहिए। आज हम ऑनलाइन खरीदी करते है फिर भी इन बातों का ध्यान रखना चाहिए कि उपयोग करने वाली वस्तुएं स्वदेशी हो। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी डिजिटल इंडिया को बढ़ाने का कार्य कर रहे है। कवर्धा के स्वदेशी मेले में बहुत सारे स्वदेशी वस्तुओं का स्टॉल लगाया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश में स्वदेशी वस्तु को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को इस बात की जानकारी होना चाहिए कि देश की अर्थव्यवस्था कैसे बढ़ेगी हम आत्मनिर्भर कैसे होंगे। हमारा दायित्व है कि हम आने वाली पीढ़ी को देश में बनी चीजों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।





### स्वदेशी मेले के शुभारंभ में सुनील तिवारी ने बांधा मंच का समा

स्वदेशी मेले के शुभारंभ अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध अभिनेता एवं गायक सुनील तिवारी ने रंग झाझर प्रस्तुति देकर मंच का समा बांधा। श्री तिवारी ने कर्मा, ददरिया, चंदैनी, नचउड़ी, कायाखंडी फाग गीतों का शानदार प्रस्तुती दीए कार्यक्रम ने जिलेवासियों का मन मोह लिया। उलेखनीय है की जिले में पहली बार स्वदेशी मेला का आयोजन हो रहा है। स्वदेशी मेला में विभिन्न राज्यों से स्वदेशी उत्पादों के हैंडीक्राफ्ट, हैंडलूम के अलावा लखनऊ, बिहार, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब और कश्मीर तक के स्टाल की प्रदर्शनी लगाया गया है। साथ ही प्रतिदिन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्वदेशी मेला में 150 से अधिक स्टालए सांस्कृतिक कार्यक्रम कें लिए मंच और संचालन के लिए भव्य सेटअप बनाया गया है।

# सड़कों पर आवारा घुमंतू मवेशियों का जमावड़ा, राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



त्यौहारी सीजन के चलते सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव शाम को इतना बढ़ गया है, कि जाम की स्थिति बनने लगी है। दूसरी ओर सड़कों पर घुमंतु मवेशियों का जमावड़ा आम दिनों की तरह ही बना हुआ है। सराफा लाईन, मिनीमाता चौक व जोराताल चौक पर त्योहारी सीजन के दौरान सबसे ज्यादा भीड़ नजर आ रही है, लेकिन इन चौकों का नजारा गौठान की तरह बना हुआ है। मगर विडंबना है कि जिम्मेदारों को यह नजर नहीं आ रहा है या फिर लोगों की परेशानियों से उन्हें अब कोई मतलब नहीं रह गया है। शहरवासियों व आसपास गांव के ग्रामीणों का कहना है कि त्यौहारी सीजन तक तो कम से कम घुमंतु मवेशियों को सड़कों से हटाने का प्रयास करते। लेकिन मिनीमाता चौक से लेकर ठाकुर पारा व सराफा लाइन तक एक तरफ त्यौहारी सीजन को लेकर जहां शाम को ट्रैफिक का दबाव इतना बढ़ गया है कि लोगों को आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। वर्तमान में मार्ग संकरा होने के चलते तो दूसरी ओर सड़क की हालत भी खस्ता हो चुकी है। ऊपर से सड़क पर वाहनों का दबाव तो दूसरी ओर सड़क के बीचों-बीच मवेशियों का डेरा लोग इनसे बचते-बचाते निकलते नजर आते हैं। कई बार लोग इससे टकरा भी जा रहे हैं, जब तक कोई गंभीर हादसा नहीं हो जाता, तब तक जिम्मेदारों की आंख नहीं खुलेगी। मवेशियों की धरपकड़ की कार्यवाही तो छोड़िए, प्रशासन आंख मुद कर बैठ गया है।

## आस्था समिति ने रजत जयंती समारोह धूमधाम से मनाया




**हरिभूमि कवर्धा।** आस्था समिति द्वारा रजत जयंती समारोह मंगलवार को संस्था कार्यालय कवर्धा में मनाया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विशिष्ट अतिथि एमएल ठाकुर, प्रदीप विश्वकर्मा सेवानिवृत्त क्षेत्रीय प्रचार सहायक भारत सरकार, सूचना प्रसारण मंत्रालय रायपुर व बिलासपुर, प्राचार्य डॉ बीएस चौहान, सौरभ निषाद, डॉ कविता, नरेन्द्र कुमार कुलमित्र, सत्यनारायण राठौर, बाला राम साहू, मोईन जाफर हुसैन, विजया कैवर्त, केदार चंद्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। डॉ बीएल राज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उद्बोधन में कहा कि आस्था समिति समाज सेवा की भावना को पूरी निष्ठा लगन, मेहनत एवं संवेदन शीलता के साथ शुरुआत से ही कार्यरत हैं, वे विशेष संरक्षित बैगा जन जाति के बीच स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जन-जागरूकता कार्य लगातार कर रहे हैं, आस्था समिति के साथियों को रजत जयंती पर बधाई दिया। वहीं प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने कहा कि संस्था के साथ वर्षों से जुड़ाव रहा है, महाविद्यालय में एनएनएस के सभी कार्यक्रमों में स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन देते आ रहें हैं, आगे भी लगातार समन्वय बना रहेगा। सभी युवा टीम विशेष कर महिलाओं की भागीदारी को समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किए संस्था रजत जयंती पूर्ण कर और प्रगति करें ऐसी शुभकामना के साथ आभार व्यक्त किया। संस्था संस्थापक संरक्षक मार्गदर्शक एमएल ठाकुर एवं प्रदीप कुमार विश्वकर्मा जो कि तत्कालीन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी बिलासपुर एवं रायपुर ने उद्बोधन में कहा कि दौलतराम कश्यप शुरुआत से ही समाज में निःस्वार्थ सेवा की भावना से पूरी निष्ठा एवं लगन से करते आ रहें हैं। वे पूरी जिंदगी सेवा कार्य में ही बिताए कभी अपने कैरियर के बारे में नहीं सोचा। आज उनकी इसी निष्ठा एवं ईमानदारी ने आस्था समिति को उनके मार्गदर्शन में 25 वर्ष पूरे किए। हमारी शुभकामना है कि वे आगे स्वर्ण जयंती वर्ष भी मनाएं। आस्था समिति अध्यक्ष दौलतराम कश्यप द्वारा बताया गया कि संस्था विगत 25 वर्षों से छत्तीसगढ़ में समाज के विभिन्न वर्गों बच्चों, महिलाओं दिव्यांगों, आदिवासी, वंचित समूहों, विशेष संरक्षित जनजाति बैगा समुदाय के साथ पंचायत के माध्यम से टिकाऊ आजीविका हेतु लोगों का सशक्तिकरण तथा महिला एवं स्वास्थ्य मुद्दे पर सक्रिय रूप से कार्यरत हैं, संस्था प्रमुख रूप से विकास के क्षेत्र में स्थानीय युवा, महिलाओं की क्षमता वर्धन करते हुए आगे बढ़ाने की प्रक्रिया के लिए प्रयासरत हैं, संस्था प्रमुख के द्वारा वर्षवार उपलब्धि को विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में विक्की का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

विक्की चंद्रवंशी बीएससी प्रथम वर्ष का राज्य स्तरीय व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता में चयन हुआ।

**समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय कवर्धा जिला कबीरधाम (छ.ग.)**

**// शपथ पत्र //**

मै दिनेश सिंह राजपूत पिता स्व.लखन सिंह उम्र 52 वर्ष जाति राजपूत निवासी ठाकुर पारा वार्ड नं. 24कवर्धा तहसील कवर्धा जिला कबीरधाम (छ0ग0) का निवासी हूं जो निम्नलिखित कथन करता हूं कि-

यह कि मेरा नाम पता उपरोक्तानुसार है।

यह कि मेरी पुत्र आर्यन सिंह राजपूत पिता दिनेश सिंह राजपूत माता प्रेमलता राजपूत का जन्म21/06/2008 को जांगडे नर्सिंग होम कवर्धा में हुआ था।

यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र मेरे पुत्र का नाम आर्यन सिंह उर्फ शिवम,शौर्य दर्ज है। जिसको सुधार करवाकर मेरे पुत्र कक्षा पांचवी के अंकसूची के अनुसार मेरे पुत्र का नाम आर्यन सिंह राजपूत दर्ज करवाना चाहता हूं।

यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र का पंजीयन नगर पालिका परिषद कवर्धा में कराया गया था जिसका मेरे द्वारा जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है किन्तु उक्त जन्म प्रमाण पत्र ऑफलाईन/मैनुवल होने के कारण मुझे सभी शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानियों का सामना करना पडता है। जिसके कारण उक्त ऑफलाईन जन्म प्रमाण पत्र से ऑनलाईन जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता हूं।

यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम आर्यन सिंह राजपूत दर्ज करने एवं उक्त जन्म प्रमाण पत्र को ऑनलाईन प्राप्त करने के संबध में प्रस्तुत है।

सत्यापन शपथकर्ता

मै उपरोक्त शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ कि कंडिका 01 से 05 तक लिखी बाते मेरे जानकारी में सही व सत्य है जिसे मैने सुनकर व समझकर अपना हस्ताक्षर दिनांक 14/10/2024 को नोटरी महोदय कवर्धा के समक्ष किया है।

शपथकर्ता

## कुम्ही-दैहानपारा में जनपद सदस्य ने जनपद मद से कराया बोर खनन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम कुम्ही-दैहानपारा में जनपद मद से जनपद सदस्य उतरा साहू ने बोर खनन किया, वहीं बोर खनने के बाद से वार्डवासियों को शुद्ध पेयजल मिलेगी विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कुम्ही के क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती उतरा गोकुल साहू ने वार्डवासियों व ग्रामवासियों ने निस्तारी एवं पेयजल समस्या को देखते हुए बोर खनन की मांग की थी।

जिस पर मांग व समस्या को गंभीरता से लेते हुए जनपद सदस्य उतरा साहू ने जनपद मद से बोर खनन हेतु स्वीकृति प्रदान की वही गुरुवार को श्रीमती उतरा साहू ने विधिवत पूजा अर्चना कर बोर खनन हेतु कार्य प्रारंभ की।

ग्राम कुम्ही-दैहानपारा के वार्ड में बोर खनन से वार्डवासियों को निस्तारी एवं शुद्ध पेयजल की लाभ मिलेगी जिस पर वार्डवासियों ने बोर खनन होने पर क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती उतरा गोकुल साहू का आभार व्यक्त किया। इस अवसर जनपद सदस्य उतरा साहू, सरपंच, पंचगण एवं समस्त वार्डवासी व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

## आरपीएस स्कूल में चलाया यातायात जन-जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल में यातायात शाखा टीम के द्वारा शुक्रवार को सड़क सुरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान यातायात शाखा कवर्धा से रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, आरक्षक संजू चंद्रवंशी, संतोष मिश्रा, भगवान दास एवं महिला आरक्षक तृप्ति सेन उपस्थित थें।




इस अभियान में कक्षा 10वीं-12वीं तक के छात्र छात्राओं को रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो द्वारा सड़क सुरक्षा यातायात नियम, हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग, इमरजेंसी सेवाएं, ट्रैफिक लाइट तथा अन्य संबंधित तथ्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री खलखो ने यह भी बताया कि वाहन का परिचालन सही उम्र में करें, नशे की हालत में अथवा मोबाइल चलाते हुए वाहन न चलाएं यदि कोई भी व्यक्ति उक्त नियमों का पालन करते हुए नहीं पाया जाता तो यह दंडनीय अपराध है। उन्होंने बताया कि नई पीढ़ी को यातायात के प्रति जन-जागरुक होना बहुत जरूरी है, सड़कों पर चलने के नियम से भली भांति परिचित लोग ही सकुशल यात्रा कर सकते हैं। जन-जागरूकता के इस अभियान में विद्यालय की प्राचार्या एम शारदा, निर्देशक आदित्य चंद्रवंशी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थें। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ने यातायात शाखा के प्रयास की सराहना की एवं उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान से बच्चे जरूर लाभान्वित होंगे एवं यातायात नियमों का पालन करें।

## बाल संरक्षण टीम ने बच्चों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रव विभाग व चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 की टीम द्वारा कार्य योजनानुसार संयुक्त टीम बनाकर जिले के देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान रेस्क्यू व पुनर्वास के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है तथा परिजनों को जागरूक किया।

**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें


9425554555, 8889139071

### जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूंः भावना

# विधायक के प्रयासों से नपं इंदौरी में अधोसंरचना निर्माण व विकास कार्यों के लिए मिली 1.49 करोड़ की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के हर गांव व शहर में अधोसंरचना विकास से लेकर जनता की मूलभूत सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की पूर्ति के लिए छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा लगातार विकास कार्यों की सौगात प्रदेशवासियों को दी जा रही है। पंडरिया विधासनभा में भी नगर पालिक व नगर पंचायत के सौन्दर्यीकरण, अधोसंरचना विकास, सड़क निर्माण एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए भी पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के लगातार प्रयासों से करोड़ों की सौगात मिली है।



जिसमें श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से इंदौरी नगर पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई। मिली जानकारी के अनुसार विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र के माध्यम से पंडरिया विधानसभा के अंतर्गत नगर पालिका एवं नगर पंचायत अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में विकास व सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, जनता की मूलभूत सुविधाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया था।

उनके प्रस्ताव और जनता के हित को देखते हुए विभाग द्वारा अबतक नगर पालिका परिषद पंडरिया, नपं पाण्डातराई एवं इंदौरी के सौन्दर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना विकास हेतु 6 करोड़ 90 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। इसमें नगर पालिका परिषद पंडरिया हेतु 3 करोड़ रुपए, नपं पाण्डातराई हेतु 2 करोड़ 40 लाख रुपए एवं आज नपं इंदौरी हेतु 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अधोसंरचना मद अंतर्गत विकास कार्यों के लिए राशि की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा की जनता ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरा करने के लिए मैं हमेशा प्रयासरत हूं। आपके सुझाव और क्षेत्र के विकास के साथ हम मिलकर समृद्ध पंडरिया के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए मिलकर आगे बढ़ेंगे।

यह विकास कार्य अभी महज शुरुआत है, मोदी की गारंटी में जो भी वादे किये गए हैं उसे अक्षरशः पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आने वाले समय में ऐसे और भी विकास कार्य एवं आप सभी की सुविधाओं के लिए जो भी आवश्यक कदम होंगे, उन्हें उठाने के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इंदौरी नगर पंचायत अंतर्गत निवास करने वाले समस्तजनों को इन विकास कार्यों के लिए बधाई दी। जिसके लिए विधायक ने पूरे पंडरिया विधानसभा की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया।

### इंदौरी नपं अंतर्गत विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

विधायक श्रीमती भावना बोहरा के प्रयासों से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा इंदौरी नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 व 11 मेन रोड़ हाई स्कूल से विजय चन्द्रवंशी, मित्रसेन चन्द्रवंशी के घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 38.70 लाख, वार्ड क्र 02 शा पूर्व मा शाला से हीरा साहू के घर होते हुए नया बाजार तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 25.66 लाख, वार्ड क्र 01 मानिकचौरी रोड़ से बलराम साहू के घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 9.29 लाख, वार्ड क्र 04 शत्रुहन साहू के घर से सेखु साहू के घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 10.32 लाख, वार्ड क्र. 13 बड़े रगरा रोड़ से बुधे यादव के घर तक सीसी रोड़ एवं आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 16.00 लाख, वार्ड क्र. 01 में सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक निर्माण एवं आदमकद मूर्ति स्थापना कार्य लागत 20.00 एवं वार्ड क्र. 07 में भारत माता चौंक निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य लागत 30.00 लाख रुपए इस प्रकार कुल 1 करोड़ 49 लाख 97 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹ 60,000 ₹ 90,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पैरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### उपमुख्यमंत्री अरूण साव आज कवर्धा में



**कवर्धा।** स्वदेशी मेला के तीसरे दिन 19 अक्टूबर को उपमुख्यमंत्री अरूण साव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

उपमुख्यमंत्री श्री साव 4.30 बजे दुर्ग से कवर्धा के लिए प्रस्थान करेंगे। शाम 07 बजे पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित स्वदेशी मेला में शामिल होंगे। उपमुख्यमंत्री श्री साव रात्रि 08 बजे कवर्धा पीजी कॉलेज मैदान से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कवर्धा में पहली बार स्वदेशी मेला का आयोजन किया जा रहा है। स्वदेशी मेला कवर्धा के स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में 23 अक्टूबर तक चलेगा।

### ग्राम खपरी में नेत्र शिविर आयोजित

**कवर्धा।** ग्राम खपरी में स्वर्गीय चंद्रिका चंद्रवंशी की स्मृति में 18 अक्टूबर को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ कल्पना आई केयर के डॉ सहदेव चंद्रवंशी द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती तैलीय चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया इस अवसर पर उनके स्मृति में संचालित वाणी विद्या मंदिर खपरी में वृक्षारोपण व सभी बच्चों को पेन पेंसिल भी वितरण किया गया। वाणी विद्या मंदिर के प्रांगण में आयोजित शिविर में 150 बच्चें, युवा, बुजुर्ग की आखों की जांच की गई व 55 लोगों का बीपी शुगर जांचा गया। इस अवसर पर चिकित्सक सहदेव चंद्रवंशी ने कहा कि बिना आखों के हम अपने जीवन की कल्पना नहीं कर सकते है। आंखे अनमोल है बढ़ती उम्र व कुछ बीमारियों के कारण आंखों की रोशनी कम हो जाती या चली जाती है। सावधानी व जागरूकता से हम अपनी आंखों की रोशनी बचा सकते है। इसलिए सभी को 40 साल के बाद अनिवार्य रूप आंख की जांच करवाना चाहिए।

### दिल्ली हॉकी टीम ने गीता को खरीदा 2 लाख में



**कवर्धा।** जिले, प्रदेश तथा देश में अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा रहे जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाया है। इस बार जिले के विकासखण्ड बोड़ला की 17 वर्षीय हॉकी खिलाड़ी छात्रा गीता यादव की खेल प्रतिभा को दखते हुए दिल्ली की हॉकी टीम ने उने बैस प्राईस दो लाख रूपए में खरीदा है। छत्तीसगढ़ हॉकी संघ से मिली जानकारी के अनुसार आगामी जूनियर हॉकी कप के लिए राष्ट्रीय स्तर की टीम तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ से कुल चार नाम भेजे गए थे। इसके अलावा देश के अन्य राज्यों से भी अधिक खिलाड़ियों का चयन किया गया था। जिनकी बोली 13 से 15 अक्टूबर तक दिल्ली में लगाई गई। इस दौरान नगर पंचायत बोड़ला जिला कबीरधाम की हॉकी खिलाड़ी गीता यादव को दिल्ली की टीम ने उसके बैस प्राईस दो लाख रूपए में खरीदा है। अब गीता को जूनियर एशिया कप के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। उम्मीद की जा रही है की गीता अपनी खेल प्रतिभा से जूनियर एशिया कप की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित करने में कामयाब होगी।

**भूमिपूजन:** शिवाजी चौक में स्थापित होगी शिवा जी महाराज की भव्य प्रतिमा, कहा नगर विकास हमारी प्राथमिकता

# डिप्टी सीएम श्री शर्मा ने प्रतिमा स्थापना व सौंदर्यीकरण का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा शहर के विकास को गति देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर चुके कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शुक्रवार को अपने कवर्धा प्रवास के दौरान फिर दो नए कार्यो का भूमिपूजन कर विकास एवं निर्माण कार्य की नींव रखी। उन्होने चन्द्रनाहू युवा कुर्मी समाज की मांग को पूरा करते हुए जहां कवर्धा नगर के शिवा जी चौक में 25 लाख रूपए की लागत से शिवा जी महाराज की भव्य प्रतिमा स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य का भूमिपूजन किया वहीं 50 लाख रूपए की गलात से भोजली तालाब के सामने सौंदर्यीकरण कार्य का भी भूमिपूजन किया। शिवाजी चौक में आयोजित भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि इस चौक में शिवाजी महाराज की भव्य मूर्ति स्थापना होगी जिससे लोगों और युवाओं को प्रेरणा मिलेगी। उन्होने कहा कि इसकी मांग चन्द्रनाहु युवा कुर्मी समाज लगातार करते आ रहा था जिसे पूरा करने का सौभाग्य हमे मिला है। उन्होने कहा कि कवर्धा शहर हम सब का है और हम जनचर्चा व जनसहयोग से इसके सर्वांगिण विकास के लिए कटीबद्ध हैं। हमारा प्रयास है कि हम कवर्धा शहर की कण-कण, इंच-इंच जगह का उपयोग कर इसे भव्य और सुंदर बनाएं।

### कोट कचहरी के चक्कर में न पड़े



सभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री वियज शर्मा ने कहा कि कवर्धा बस स्टेंड के सामने सरदार बल्लभ भाई काम्प्लेक्स की नीलामी निर्माण के 14 वर्ष बाद नगर पालिका द्वारा की गई है और अब यहां सुंदर, स्वच्छ दुकानें खुलेंगी। लेकिन कुछ लोग इसकी नीलामी को लेकर कोट कचहरी के चक्कर में आ रहे हैं। ऐसे लोगों को नगर हित में सोचना चाहिए जैसा नगर पालिका के सभी पार्षदों ने सहयोग कर इस कार्य को आगे बढ़ाया है। इसी प्रकार से कवर्धा शहर विकास के लिए हम सब को एक होकर मजबूती से कार्य योजना बनाकर विकास करना होगा। उन्होने कहा कि कोट कचहरी के चक्कर मे कोई ना पड़े, कहीं ना कहीं किसी ना किसी न किसी का पेंच फंसा ही रहता है। उन्होने यह भी कहा कि नगर पालिका के कॉम्प्लेक्श के लिए किसी को सेट करने की जरूरत नहीं प्रक्रिया के तहत इच्छुक नीलामी में हिस्सा लें और बोली लगाएं और कॉम्प्लेक्स लें।

कवर्धा विधायक व उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा में शिवाजी चौक के साथ 3 करोड़ रुपए की लागत से विभिन वार्डो में सीमेंट कांक्रीट सड़क बनेगी जिसकी स्वीकृति मिल चुकी है। नगर पालिका जल्द से जल्द इस कार्य को मूर्तरूप देगा। इसी प्रकार कवर्धा में पेयजल आपूर्ति के लिए पाईप लाईन विस्तार कार्य के लिए 2 करोड़ की राशि से कार्य किया जाएगा। पुराना नगर पालिका की खाली पड़ी भूमि का भी उपयोग जनहित में किया जाएगा। इसके लिए नगरपालिका के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होने कहा कि कवर्धा शहर के जितने रूके कार्य हैं उन सभी कार्यो को पूर्ण किया जाएगा और नगर के हर वार्ड को सुंदर तथा भव्य बनाया जाएगा। इसी प्रकार कवर्धा शहर के चार बड़े कार्य, पुराने मंडी में बैंकिंग परिसर, चौपाटी निर्माण, सर्वसुविधायुक्त गार्डन और सेवा भक्ति प्रतीक्षालय के लिए 28 करोड़ रुपए का कार्य योजना तैयार किया गया है उक्त प्रस्तावित विकास कार्य के लिए लगभग 28 करोड़ रुपये की स्वीकृति भी जल्द प्राप्त की जायेगी। इसके अलावा कवर्धा शहर के चौक-चौराहों का सौदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण, कालोनियों में बुनियादी मूलभूत सुविधाओं तथा आवश्यकताओं के ध्यान में रखते हुए अलग-अलग कार्य योजनाएं भी बनाई जाएगी। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन के दौरान युवाओं में बढ़ती नशाखोरी पर भी चिंता जाहिर की और इसे जनसहयोग से समाप्त करने की बात कही। कार्यक्रम को पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सतीश चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी, सुखनंदन चंद्रवंशी, मनहरण कौशिक सहित पार्षद गण व नगरवासी उपस्थित थे।

# करंट तार से मछली का शिकार करने के दौरान ग्रामीण की करंट से मौत

- वन विभाग नहीं कर रहा शिकारियों पर कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

करंट लगाकर मछली पकडऩे के चक्कर में शुक्रवार को एक ग्रामीण की करंट की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेऊर की बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद कुकदुर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है। बताया जाता है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12.00 बजे ग्राम नेऊर निवासी मोहन पिता रतन धोवा आयु 45 वर्ष अपने कुछ साथियों के साथ पास के गिजर्रा नाला में मछली मारने गया था। जिसके लिए मोहन ने नाला में मौजूद मछलियों को मारने के लिए नाला के पास से गुजरने वाले हाई वोल्टेज विद्युत प्रवाहित तार में हुक फंसाया और इस करंट प्रवाहित हुक तार को नाला में डालने का प्रयास कर रहा था ताकि करंट से मछलियां मर जाए और बाद में वह उन्हें बाहर निकाल ले। लेकिन इस खतरनाक प्रयास में मोहन खुद करंट की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद ग्रामीण उसे तत्काल कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में अस्पताल प्रशासन की सूचना पर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

### करंट से किया जाता है वन्स प्राणियों का शिकार


यहां बताना लाजिमी होगा कि इस वनांचल क्षेत्र में करंट से शिकार का चलन बहुत ज्यादा है। जानकारी के मुताबिक कुकदुर थाना क्षेत्र के कोटना पानी के जंगलों में जंगली सुअरों की भरमार है और यहां के ग्रामीण शिकारी कुछ इस तरह से करंट का जाल लगाकर जंगली सुअरों का शिकार करते हैं। कुछ इसी अंदाज में मोहन मछलियों का भी शिकार करना चाह रहा था लेकिन वह खुद करंट का शिकार बन गया।

### शिकारियों पर कार्यवाही की जरूरत

क्षेत्रीय ग्रामीणों के मुताबिक वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किए जाने के कारण यहां शिकारियों के हौसले बुलंद हैं और वे जंगलों के भीतर से गुजरने वाले हाई वोल्टेज करंट प्रवाहित विद्युत लाईन का उपयोग वन्यप्राणियों के शिकार के लिए कर रहे हैं। ग्रामीणों के मुताबिक जंगलों में बड़ी संख्या में करंट प्रवाहित जाल लगाकर जंगली सुअर, हिरन आदि का शिकार किया जा रहा है। लेकिन इन शिकारियों पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

# जिला पंचायत सदस्य पद के दावेदारों की जोड़ तोड़ शुरू

## अंचल में दावेदारों की सुगबुगाहट व चर्चा शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोदवागोड़ान

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर एक ओर जहां शासन प्रशासन की ओर से तैयारियां शुरू हो गई हैं,वहीं पंच सरपंच से लेकर जनपद और जिला पंचायत सदस्य बनने का सपना देख रहे दावेदारों की सुगबुगाहट भी दिखाई देने लगी है।

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कुकदुर एवं कोदवागोडान का सम्पूर्ण आदिवासी अंचल जिला पंचायत कबीरधाम के क्षेत्र क्रमांक एक के अंतर्गत आता है और अजा वर्ग के लिए सुरक्षित है। पिछली बार यह सीट अजा महिला के लिए आरक्षित हुआ था और यहां से भाजपा समर्थित श्रीमती सुमीर पुशाम वर्तमान में जिला पंचायत सदस्य हैं।

जनवरी में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर गांवों में जहां चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है वहीं दावेदारों की सुगबुगाहट भी नजर आने लगी है। इस क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य के लिए अभी तक जिन दावेदारों के नाम हवा में तैर रहे हैं उनमें कांग्रेस की ओर से पूर्व जिला पंचायत सदस्य ललित धुर्वे के अलावा वर्तमान में जनपद सदस्य कृष्णा पुषाम तथा भाजपा खेमें से कुई कुकदुर मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष एवं तेजतर्रार जनपद सदस्य श्रीमती दीपापप्पू धुर्वे और दुल्लापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे प्रमुख हैं। यहां बताना लाजिमी होगा कि पंडरिया क्षेत्र का सम्पूर्ण आदिवासी अंचल एक ओर कुई कुकदुर तथा दूसरी ओर कोदवागोडान के इलाके में फैला हुआ है और यही है जिला पंचायत कबीरधाम के लिए बनाई गई एक नंबर की सीट। फिलहाल सत्ता और विपक्ष की ओर से बराबर की संख्या में दो दो नाम आ रहे हैं और इनमें भी मजे की बात यह देखी जा रही है कि दोनों दलों के संभावित दावेदारों में एक एक नाम कुई कुकदुर से तथा एक एक नाम कोदवा गोडान से हैं। कांग्रेसी खेमे से ललित और भाजपा के सुखदेव ध्रुव जहां कोदवा क्षेत्र से आते हैं वहीं भाजपा की दीपा धुर्वे और कांग्रेसी कृष्णा पूषाम दोनों कुई कुकदुर क्षेत्र से आते हैं। आम जन के साथ ही कांग्रेस भाजपा के क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की मानें तो उपरोक्त दावेदारों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं वनांचल के सक्रिय और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ललित धुर्वे की दोनों इलाके में सतत संपर्क के चलते शुरू से ही कार्यकर्ताओं में अच्छी पैठ है।

वहीं जनपद सदस्य के रूप में नवोदित कृष्णा पुशाम और श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे जो कि कुई कुकदुर इलाके से आते हैं दोनों ने बीते नवरात्रि पर्व के दौरान गांव गांव में स्थापित दुर्गा पंडालों में अपनी उपस्थिति के साथ आर्थिक सहयोग दे कर जहां मतदाताओं के बीच पहचान बनाने की शुरुवात की वहीं जिला पंचायत के लिए अपनी दावेदारी का संदेश भी दे दिया है। यद्यपि दुल्लापुर भाजपा मंडल अध्यक्ष एवम जनपद सदस्य सुखदेव धुर्वे की ओर से अभी अधिकृत जानकारी नहीं मिली है लेकिन बताया जाता है कि उनके द्वारा एक बार फिर से जिला पंचायत के लिए दावेदारी की जा सकती है। बहरहाल नए साल की जनवरी में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर ग्रामीण अंचलों में दावेदारों की सुगबुगाहट के साथ चर्चाओं का दौर भी शुरू हो गया है।

# रामलला के दर्शन कर वापस कवर्धा पहुंचे श्रद्धालुओं का किया अभूतपूर्व स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर आज अयोध्या में विराजित प्रभु श्री रामलला के दर्शन कर वापस कवर्धा पहुंचे 72 श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट और नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित जनप्रतिनिधियों ने अयोध्या से दर्शन करके आए श्रद्धालुओं का कवर्धा विधायक कार्यालय में तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर, शॉल, श्रीफल भेंटकर अभूतपूर्व स्वागत और अभिनंदन किया। जिससे उनकी यात्रा और भी स्मर्णीय बन गई। उन्होनें सभी श्रद्धालुओं से अयोध्या दर्शन यात्रा के अनुभव के बारे में जाना। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में मोदी की गांरटी को पूरा करते हुए प्रभु श्री रामलाल दर्शन योजना का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, मनीराम साहू, रामबिलास चंद्रवंशी, नरेन्द्र मानिकपुरी, श्रीमती विजयलक्ष्मी तिवारी सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### छिरहा प्राचार्य डॉ. रमेश डाइट में आमंत्रित वक्ता के रूप में हुए सम्मिलित



**कवर्धा** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में प्राचार्य के दायित्व का निर्वहन कर रहे गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने आमंत्रित वक्ता के रूप में महराजपुर स्थित डाइट अर्थात जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान में तीन दिवसीय विषय आधारित प्रशिक्षण कार्यशाला में पूर्व माध्यमिक शालाओं में गणित विषय का अध्यापन करने वाले शिक्षकों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सबसे बेहतर अनुशासन का पाठ हमें गणित पढ़ाता है। गणित में प्रश्नों को हल करते हुए जैसे ही हम गणितीय प्रक्रिया के निर्धारित अनुशासन से भटकते हैं, वैसे ही हमें गलत उत्तर प्राप्त होता है। ज्यादातर लोग गणित को कठिन मानते हैं, जबकि गणित सरल विषय है, क्योंकि गणित में एक स्टेप के बाद दूसरा स्टेप क्या आएगा, पहले से तय रहता है, जबकि अन्य विषयों में यह निश्चित नहीं होता है। आज गणित की ओर विद्यार्थियों का रुझान कम हो रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जिले में गणित विषय में ग्यारहवीं में मात्र 141 एवं बारहवीं में 184 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। गणित विषय के शिक्षक होने के नाते हमें इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। प्राथमिक स्तर से बच्चों को गणित के महत्व व स्कोप की जानकारी देना आवश्यकता है। प्राथमिक व मिडिल स्तर पर अध्यापन करते समय जब तक नए-नए उदाहरणों व सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग नहीं करेंगे, तब तक बच्चों का ध्यान केंद्रित नहीं करा पाएंगे। प्रशिक्षण में हमें नए तरीकों को सीखने व शेयर करने का अवसर प्राप्त होता है। मिडिल स्कूल में गणित का पाठ्यक्रम क्रमशः मूर्त से अमूर्त की ओर बढ़ते जाता है। ऐसे में शिक्षकों को खुद पूरी तैयारी के साथ अध्यापन की जरूरत है। हमें विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों से ही बेहतर परिणाम हेतु कार्य करना है।

### चंद्रायन हॉस्पिटल में विद्युत विभाग के कर्मचारियों को मिलेगी कैशलेस इलाज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के विद्युत विभाग के कर्मचारियों और उनके आश्रितों के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में चंद्रायन हॉस्पिटल ने कैशलेस इलाज की सुविधा शुरू की है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा चंद्रायन हॉस्पिटल को सूचीबद्ध किया गया है, जिसके तहत राज्य के सभी विद्युत पारेषण, वितरण और उत्पादन कंपनियों के नियमित कर्मचारियों, अधिकारियों, पेंशनरों और उनके आश्रितों को नवीनतम सीजीएचएस भोपाल दरों पर कैशलेस चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। चंद्रायन हॉस्पिटल के डायरेक्टर विनोद चंद्रवंशी ने बताया, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हम जिले के विद्युत विभाग के कर्मचारियों को सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सेवाएं बिना किसी आर्थिक बोझ के प्रदान कर सकेंगे। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मरीज को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त हों और उनके इलाज में किसी भी प्रकार की आर्थिक रुकावट न आए। चंद्रायन हॉस्पिटल कवर्धा जिले का एक आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त अस्पताल है। यहां विभिन्न प्रकार के उपचार और जांच सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनमें एंबुलेंस सेवा, सोनोग्राफी, ईसीजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, डायलिसिस, एंडोस्कोपी और कोलोनोस्कोपी जैसी अत्याधुनिक तकनीकें शामिल हैं।

**पर्यावरण संरक्षण मद्देनजर कलेक्टर ने ली पटाखा व्यपारियों की बैठक, दिए निर्देश**

# दीपावली पर पटाखों की बिक्री पर रहेगी प्रशासन की नजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने शुक्रवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में फटाका व्यापारियाकी बैठक लेकर फटाका विक्रय करने के संबंध में जारी निर्देशों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय करें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा जारी गाईड लाईन की जानकारी देते हुए कहा कि आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था किया जाना आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी छोटी सी लापरवाही बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। इस बात को ध्यान में रखकर सभी प्रकार के सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करेंगे। उन्होंने आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा का पुख़्ता इंतजाम किया जा रहा है, साथ ही साथ सभी फटाका व्यापारियों को भी हर स्तर पर सुरक्षा का इंतजाम किया जाना आवश्यक होगा। बैठक में बताया गया कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन करने वाले फटाका व्यवसायीयों को पटाका विक्रय के लिए लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। फायर ब्रिगेड के साथ ही पानी का टैंकर रखना आवश्यक होगा। जितनी अवधि के लिए लाइसेंस जारी किया गया है, उस निर्धारित तिथि तक ही फटाका का व्यवसाय कर सकेंगे। बैठक में अपर कलेक्टर निर्भय साहू, कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन, उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, कोतवाली थाना प्रभारी लालजी सिन्हा सहित फटाका व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिला प्रशासन द्वारा आवंटित स्थल पर ही पटाका व्यवसाय के लिए दुकान लगाया जा सकेगा। लाइसेंस के शर्तो के अनुसार निर्धारित नियत समय तक की दुकान का संचालन किया जा सकेगा। बैठक में यह भी बताया कि जिस फटाका व्यवसाय के लिए लाइसेंस दिया गया है, उसके अनुरूप ही फटाका का विक्रय किया जा सकेगा। आवासीय बसाहट क्षेत्र में दुकान का संचालन नहीं किया जा सकेगा। फटाका व्यवसाय के द्वारा सुरक्षा एवं जान माल की सुरक्षा किया जाना आवश्यक होगा। प्रतिबंधित फटाका का व्यवसाय नहीं किया जा सकेगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए जारी गाइडलाइन का पालन करते हुए फटाका का व्यवसाय किया जा सकेगा। अवैध गतिविधियों के लिए पटाके का उपयोग नहीं किया जाये, यह सुनिश्चित करेंगे।

# जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का किया जाएगा आयोजन, 82 ग्रामों को मिलेगा लाभ

- कवर्धा विकासखंड के ग्राम नेवारी में शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन समान्य प्रशासन एवं जन शिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में कबीरधाम जिले में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 28 गांव शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुढ़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को शिविर आयोजित किया जाएगा, शिविर में 54 गांव शामिल है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आदेश जारी कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम नेवारी में 19 अक्टूबर 2024 शनिवार को आयोजित शिविर में ग्राम सूखाताल, राम्हेपुरखुर्द, रवेली, नेवारीगुढ़ा, कन्हाभैरा, लखनपुरकला, लालपुरकला, सोनबरसा, सिंघनपुरी (मा.), जेवडऩखुर्द, दौजरी, बटुराकछार, खड़ौदाखुर्द, जरती, बोधईकुण्डा, डबराभाट, जमुनिया, नेवारी, बरबसपुर, मरपा, जोराताल, सिंघनपुरी, अमलीडीह, बरपेलाटोला, रेंगाखारखुर्द, मजगांव, समनापुर, कवर्धा कुल 28 ग्राम शामिल है। इसी तरह पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम बाघामुढ़ा में 26 अक्टूबर 2024 शनिवार को आयोजित शिविर में ग्राम उदका, खैरडोंगरी, दुल्लापुर, नरसिंहपुर, अमलडीहा, भरेवापारा, कांपादाह, घुटुरकुण्डी, सोमनापुरनया, डोमनपुर, झिरियाकला, बुचीपारा, सागोनाडीह, झिरियाखुर्द, बाघामुढ़ा, सांवतपुर, खैरझिटीनया, नरौली, नानापुर, कोड़ापुरी, किसुनगढ़, नेउरगांव, रमतला, मोहतराखुर्द, पेण्ड्रीखुर्द, पुसेरा, डोमसरा, पौनी, खरहट्टा, पड़कीकला, नवागांवहट्टा, धोबघट्टी, सोनपुरी, रेहुंटाखुर्द, पण्डरिया, पाढ़ी, बिरकोना, केसलीगोड़ान, गांगपुर, बिनौरी, मोतिमपुर, लाडंगपुर, रौहा, मैनपुरा, दशरंगपुर, रोहरा, पाण्डातराई, डोंगरियाकला, चारभाठाखुर्द, चरखुराकला, परसवारा, मंझोली, कोयलारीकांपा कुल 54 ग्राम शामिल।